श्री सीताराम शुक्ल (जिला बस्ती)——क्या माननीय मंत्री जी यह बतलायेंगे कि पोलीटिकल सफरर को भी बकाया लगान के लिये हवालात में बंद किया गया ?

श्री चरण सिंह——इसके लिए नोटिस की आवश्यकता है। चाहे पोलीटिकल सफरर हो या और कोई हो मालगुजारी तो उसको देनी ही होगी।

श्री केशव पांडेय (जिला गोरखपुर)——क्या माननीय मंत्री जी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि कुछ सोसाइटीज ने अपने लगान और ड्यूज को मुल्तवी करने के लिये प्रार्थना-पत्र दिया था ?

श्री जगन प्रसाद रावत——जी हां, कुछ सोसाइटीज और कुछ व्यक्तियों ने समय-समय पर इस बात को जाहिर किया था कि उनको लगान देने में दिक्कत है। उनसे बार-बार यह कहा गया था कि जितना वे दे सकते हैं उतना वे दे दें और उनको जो दिक्कतें होंगी उनके सम्बन्ध में काफी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जायगा। जो लोग बिलकुल भी देने को तैयार नहीं हैं उनके बारे में कुछ विचार करने के कोई माने नहीं है।

श्री सुरेश प्रकाश सिंह——क्या यह सच है कि पिछले तीन सालों से प्राकृतिक कारणों से वहां की फसलें खराब होती रही हैं।

श्री जगन प्रसाद रावत——कहीं-कहीं पर ऐसा हुआ है और जहां ऐसा हुआ है वहां साधारण नियमों के अनुसार छूट देने की कार्यवाही की जायगी।

श्री नारायण दत्त तिवारी——क्या माननीय मंत्री जी यह बतायेंगे कि १३,१४ सौ काश्तकारों में राजनैतिक कार्यकर्ता, एक्स मिलिटरी मैन तथा शरणार्थी कितने-कितने हैं ?

श्री जगनप्रसाद रावत——इन १३,१४ सौ काश्तकारों में से ७२६ शरणार्थी, और ५२ राजनैतिक कार्यकर्ता हैं ?

जिला आजमगढ़ में बाढ़ पीड़ितों की सहायता

*७——**श्री रामसुन्दर पाण्डय** (जिला आजमगढ़)——क्या माल मंत्री बतानेकी कृपा करेंगे कि आजमगढ़ जिले में मुफ्त सहायता में कितना धन दिया गया तथा वह धन किन-किन तहसीलों में किन-किन मदों में कितना-कितना दिया गया ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य——जिला आजमगढ़ में बाढ़-पीड़ितों की सहायता के लिए ५०,००० रु० की धनराशि स्वीकृत की गयी थी। इसमें से कुल ३५,६३६ रु० १३ आ० ११ पा० खर्च हुआ। इसका विवरण संलग्न सूची में दिया हुआ है।

(देखिये नत्थी 'क' आगे पृष्ठ ५१ पर)

*८—श्री राम सुन्दर पांडेय—क्या माल मंत्री कृपया बतायेंगे कि निर्धन जनों को भवन निर्माण मद में सहायतायें दी गयी हैं ? यदि हां, तो जिला आजमगढ़ में किन-किन तहसीलों में कितना-कितना दिया गया है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य—जी हां। जिला आजमगढ़ में बाढ़ से ध्वस्त गृहों के पुनर्निर्माण के हेतु २०,००० रु० मुफ्त सहायता, ३७,००० रु० तकावी तथा ऋण स्वीकृत किया गया। तहसीलवार विवरण संलग्न सूची में दिया हुआ है।

(देखिये नत्थी 'ख' आगे पृष्ठ ५२ पर)

श्री रामसुन्दर पांडेय—क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि जब ५० हजार रुपये की धनराशि मुफ्त सहायता की मद में दी गयी थी तब केवल ३५६३१ रुपया ही क्यों खर्च किया गया ?

श्री चरण सिंह—क्योंकि गवर्नमेंट ने उदारता से जरूरत से ज्यादा दे दी है।

श्री रामसुन्दर पांडेय—क्या यह सही है कि फूलपुर तहसील सबसे बड़ी तहसील है फिर उसमें सबसे कम सहायता क्यों दी गयी ?

श्री चरण सिंह—सहायता तहसील के बड़ा और छोटा होने पर निर्भर नहीं करती। छोटी तहसील में ज्यादा आवश्यकता हो सकती है और बड़ी में कम हो सकती है जहां जैसी आवश्यकता होती है वैसी ही दी जाती है।

श्री व्रज विहारी मिश्र (जिला आजमगढ़)—क्या माननीय मंत्री जी को मालूम है कि फूलपुर तहसील में बाढ़, अतिवृष्टि और अनावृष्टि से फसलें खराब हुयी हैं ?

श्री चरण सिंह—यह मालूम है कि बराबर २–३ सालों से मुसीबत आ रही है, नुकसान हुआ है लेकिन किस तहसील में कितना नुकसान हुआ है यह इस वक्त नहीं बताया जा सकता।

श्री रामसुन्दर पांडेय—क्या यह सही है कि गत वर्ष भी मुफ्त सहायता जो आजमगढ़ जिले में दी गयी थी उसमें से फूलपुर तहसील में केवल ८५ रुपया ही खर्च किया गया ?

श्री चरण सिंह—इसके लिए तो नोटिस की जरूरत है। यह मुमकिन नहीं है कि पिछले साल के आंकड़े याद रख कर इस वक्त जवाब दिया जाय।

आजमगढ़ जिले में टेस्ट वर्क

*९—श्री रामसुन्दर पांडेय—क्या माल मंत्री कृपया बतायेंगे कि आजमगढ़ जिले में टेस्ट वर्क के लिए कितना रुपया दिया गया है तथा वह धन कितना-कितना कहां-कहां व्यय हुआ है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य—आजमगढ़ जिले में टेस्ट वर्क के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में २,२५,००० रु० स्वीकृत किया गया था। इस धन में से २,१९,५९४ रु० ८ आ० ३ पा० व्यय हुआ। यह धन किस प्रकार व्यय हुआ उसका विवरण संलग्न सूची में दिया हुआ है।

(देखिये नत्थी 'ग' आगे पृष्ठ ५३ पर।)

श्री रामसुन्दर पांडेय—क्या माननीय माल मंत्री बतलाने की कृपा करेंगे कि २,२५,००० रु० जो टेस्ट वर्क के लिए दिया गया था उसमें से २,१९,५६४ रु० ८ आने ही क्यों खर्च किया गया और शेष रकम क्यों नहीं खर्च की गयी ?

श्री चरण सिंह——साहब, २,२५,००० रु० में २,१९,०००रु० खर्च हो गया। ६ हजार रु० ही नहीं खर्च हुआ। यह डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के ही डिस्पोजल पर है। अभी टेस्ट वर्क चल रहा है। ६ हजार क्यों नहीं खर्च हुआ, इसका जवाब देना मेरी बुद्धि से बाहर है।

श्री रामसुन्दर पांडेय——क्या यह सही है कि बहुत से स्थानों पर टेस्ट वर्क करने की मांग थी फिर भी टेस्ट वर्क बन्द कर दिया गया और इसीलिये रुपया खर्च नहीं हुआ ?

श्री चरण सिंह——टेस्ट वर्क वहां अभी चल रहा है। अगर रुपया नहीं खर्च हुआ तो यह मतलब नहीं है कि २,२५,००० रु० जो कि यहां से दिया गया था वह हर रोज ही खर्च हो जाय। हर शाम को यहां से रुपया जाकर हर रोज खर्च हो जाय, यह तो नामुमकिन है।

श्री रामसुन्दर पांडेय——क्या यह सही है कि फूलपुर तहसील के निर्वाचित एम०एल०एज० और स्थानीय पार्टीज के कार्यकर्ताओं ने फूलपुर तहसील में व्यापक पैमाने पर टेस्ट वर्क जारी करने के लिए कोई आवेदन-पत्र या वक्तव्य दिया था ?

श्री चरण सिंह——इसके लिए नोटिस की जरूरत है।

श्री रामवचन यादव (जिला आजमगढ़)——क्या माननीय माल मंत्री बतलाने की कृपा करेंगे कि तहसीलों में कितना-कितना खर्च हुआ।

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य——तहसील घोसी में ५१,५१८ रु० ३ आ०, तहसील सगरी में ५१,३०४ रु० १ आ० ६ पाई, तहसील लालगंज में १४,२२१ रु० ६ आ०, सदर में ६,६५० रु० ६आ० ६ पाई, मोहम्मदाबाद में ९५,७५१ रु० १ आ० ९ पा० और फूलपुर में १४९ रु० ५ आ० ६ पाई खर्च हुए।

श्री रामवचन यादव——फूलपुर तहसील में सबसे कम खर्च होने का कारण क्या है ?

श्री चरण सिंह——इस वजह से जिस बिना पर माननीय राम सुन्दर पांडेय जी ने सवाल किया था।

श्री रामसुन्दर पांडेय——क्या यह सही है कि फूलपुर तहसील जो सबसे बड़ी और ऊसर तहसील है वहां से टेस्ट वर्क की ज्यादा मांग सरकार के पास आयी है ?

श्री चरण सिंह——जैसा कि पहले ही मैंने अर्ज किया था कि बड़े छोटे का सवाल नहीं है। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट जहां के लिए जरूरत समझते हैं वहां के लिये लिखते हैं और जब भी उन्होंने लिखा हमने रुपया के लिए मनाही नहीं की है। एक पैसा भी कम नहीं किया है। जब जितना चाहते हैं लिख कर भेज देते हैं। मौके पर तो वही होते हैं इसलिये वे ही तय करते हैं कि कहां पर क्या खर्च करना है।

श्री व्रज विहारी मिश्र——क्या माननीय माल मंत्री को ज्ञात है कि फूलपुर तहसील में जब किसी सड़क पर टेस्ट वर्क आरम्भ हुआ तो फिर तत्काल ही उसे बन्द कर दिया गया। यदि हां, तो इसका क्या कारण था ?

श्री चरण सिंह——इसके लिए नोटिस की जरूरत है।

भूमि प्रबन्धक कमेटी के प्रधानों को लेखपालों द्वारा गांव की खतौनी बनाकर देने की आज्ञा

*१०——**श्री रमेशचन्द्र शर्मा** (जिला जौनपुर) (अनुपस्थित)——क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में भूमि प्रबंधक कमेटियों के प्रधानों को लेखपालों द्वारा गांव की खतौनी बना कर देने के लिए आज्ञा दी गयी है ?

श्री चरण सिंह---भूमि प्रबन्धक कमेटी के प्रधानों को अधिवासी और असामी की खतौनी की नकल देने के आदेश जारी किये जा रहे हैं। लेखपालों के पास काम ज्यादा था इसलिए यह आदेश अभी तक जारी नहीं किये जा सके, मगर लेखपालों को यह आदेश दे दिये गये हैं कि वे अपने कागजात की नक़ल भूमि प्रबंधक कमेटी को वक्त जरूरत फौरन दे दिया करें।

गांव समाज के मुकदमों के लिये वकीलों और मुख्तारों की नियुक्ति

*११---**श्री रमेशचन्द्र शर्मा** (अनुपस्थित)---क्या सरकार कृपा करके बतायेगी कि गांव समाज के मुकद्दमों की पैरवी करने के लिए प्रत्येक तहसील में वकील और मुख्तार मुकर्रर किये गये हैं? यदि हां, तो उन्हें क्या तनख्वाह दी जाती है ?

श्री चरण सिंह---जी हां। इन वकीलों तथा मुख्तारों को रेवेन्यू कोर्ट मैनुअल के ८वें अध्याय के नियमों के अनुसार फीसदी फीस दी जायगी किन्तु किसी मुकदमें में फीस ५ रुपये से कम न होगी।

देवरिया जिले में पानी से घिरे हुये स्थान

*१२---**श्री बद्री नारायण मिश्र**---क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि देवरिया जिला में कितने ऐसे स्थान हैं जहां चारों ओर पानी घिरा हुआ है और खेती की क्षति हो रही है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य---देवरिया जिले में इस समय ऐसा कोई स्थान नहीं है जो पानी से घिरा हुआ हो। परन्तु गत वर्ष बाढ़ के समय लगभग १४० गांव ऐसे थे जो पानी से घिरे थे और जिसके कारण खेती को क्षति हुयी।

*१३---**श्री बद्री नारायण मिश्र**---क्या इन स्थानों से पानी निकाल देने का प्रबन्ध सरकार कर रही है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य---इस समय पानी निकालने की व्यवस्था करने का कोई प्रश्न नहीं उठता।

श्री बद्री नारायण मिश्र---क्या माननीय मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि क्या भाटपररानी के उत्तर में बेलपरताल के पानी के कारण मधऊर गांव में पानी भरने के कारण वहां की खेती नष्ट हो गयी है ? और अब भी ताल में पानी भरा है ?

श्री चरण सिंह---ताल का जो तल है उस में तो पानी भरा ही रहता है लेकिन पानी से गांव घिरा हो ऐसी कोई बात नहीं है।

पनीका ग्राम, थाना बरहज, जिला देवरिया के बाजार के लगान की वसूली

*१४---**श्री बद्री नारायण मिश्र**---क्या सरकार को ज्ञात है कि नयी पनीका ग्राम, थाना बरहज, जिला देवरिया में जो बाजार लगता है उसकी लगान वसूली अभी जमींदार करते हैं और वह लगान का पैसा सरकारी खजाने में जमा नहीं होता है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य---जी हां।

श्री बद्री नारायण मिश्र---जमींदारी टूटने के बाद फिर इन जमींदार को मालगुजारी क्यों वसूल करने दिया जाता है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य--यहां के जमींदार ने नोटिस दायर कर दिया है और इन-टेरिम इंजक्शन जारी करा दिया है, जब तक वह है तब तक वह वसूली कर रहे हैं।

श्री सुरेश प्रकाश सिंह--क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि किसकी भूमि पर यह बाजार लगती है ?

श्री चरण सिंह--यह प्रश्न बोर्ड के विचाराधीन है, यह बाजार की तहबाजारी का ही मामला है, लगान कहने से जरा भ्रम पैदा होता है।

*१५--**श्री झारखंडे राय** (जिला आजमगढ़)--[२४ मई, १९५४ के लिए स्थगित किया गया।]

नैनीताल तराई क्षेत्र में जमीन पाने वाले व्यक्ति

*१६--**श्री झारखंडे राय**--क्या सरकार बतायेगी कि नैनीताल तराई क्षेत्र में जिन लोगों को जमीन मिली है उनमें कितने राजनैतिक पीड़ित हैं, कितने शरणार्थी हैं और कितने सरकारी अधिकारी हैं ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य--सूचना निम्नलिखित है :--

राजनैतिक पीड़ित	शरणार्थी	सरकारी अधिकारी
७६७	२४०८	८५

श्री झारखंडे राय--क्या माननीय मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि यह ८५ सरकारी अधिकारी किस श्रेणी के हैं और किस आधार पर जमीन दी गयी है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य--सूचना की आवश्यकता है।

श्री झारखंडे राय--क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इन ३ श्रेणियों के अतिरिक्त महाराज पटियाला, ग्वालियर और भद्री के ताल्लुकेदार को भी जमीन दी गयी है ?

श्री चरण सिंह--इसका विवरण तो इस वक्त नहीं है कि किस को कितनी जमीन दी गयी है।

श्री झारखंडे राय--क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इन राजनैतिक पीड़ितों और सरकारी अधिकारियों को प्रति व्यक्ति कितनी जमीन और किस नियम के अनुसार दी गयी है।

श्री चरण सिंह--राजनैतिक पीड़ितों को १५ एकड़ फी कस एक इलाके में और दूसरे इलाके में उनको दस एकड़ फी कस। जब जमीन ज्यादा थी तो नियम और थे और नियम बदलते रहते हैं।

श्री रामनारायण त्रिपाठी (जिला फैजाबाद)--क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे की सरकारी कर्मचारियों को जो जमीन दी गयी उसका कम से कम और ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रफल प्रति व्यक्ति क्या है ?

श्री चरण सिंह--इन सरकारी कर्मचारियों में कोई बड़े अफसरान नहीं हैं बल्कि वह ट्रैक्टर आपरेटर वगैरह हैं जो कि वहां जब बीहड़ जंगल था उस को काटने गये थे और उसी वक्त उनसे भी कह दिया गया था कि तुमको भी थोड़ी सी जमीन दे दी जायगी और उसकी तादाद बमुश्किल तमाम दस पंद्रह एकड़ होगी। उसकी तफसील माननीय सदस्य चाहें तो नोटिस दे कर मांग सकते हैं।

श्री नारायणदत्त तिवारी--क्या माननीय मंत्री जी बतलाने की कृपा करेंगे कि नैनीताल तराई क्षेत्र की जो लिस्ट है उसमें वह लोग भी शामिल हैं जिनको खास स्टेट में जमीन दी गयी है ?

श्री द्वारकाप्रसाद मौर्य--हां, तराई भाबर और कोलोनाइजेशन दोनों इसमें शामिल हैं।

श्री मदनमोहन उपाध्याय (जिला अल्मोड़ा)--क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि जिनको यह जमीनें दी गयी हैं उनके पास पहले से भी बहुत ज्यादा जमीनें हैं ?

श्री चरण सिंह--गवर्नमेंट स्टेट्स में जब जमीन दी जाती थी तो यह नहीं देखा जाता था कि पहले से इसके पास जमीन है या नहीं, लेकिन इधर दो सालों से मैंने यह किया है कि जिनके पास जमीन पहले से है उनको जमीन न दी जाय कालोनाइजेशन में। गवर्नमेंट स्टेट्स में दो सालों से देना बन्द था। अब १०,१० एकड़ जमीन देने का अधिकार ए०डी०एम० और सुपरिन्टेन्डेन्ट खास को दे दिया गया है।

श्री मदनमोहन उपाध्याय--क्या यह सही है कि कुमायूं में दस हजार भूमिहीनों ने दरख्वास्त दी है लेकिन उन्हें जमीन नहीं दी गयी।

श्री चरण सिंह--यह गलत है कि दस हजार भूमिहीनों ने दरख्वास्त दी है।

श्री झारखंडे राय--क्या सरकार को यह मालूम है कि वहां पर जिन राजनीतिक पीड़ितों को जमीन दी गयी उनमें से कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने राजनीतिक पीड़ित न होते हुए भी गलत सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया, यदि हां, तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जायगी ?

श्री चरण सिंह--ऐसी कुछ शिकायत आयी थी और उस पर तहकीकात हुयी। ५ आदमियों की शिकायत आयी। चार आदमियों की तहकीकात मुकम्मल हो गयी है और एक आदमी की तहकीकात अभी चल रही है। उन चार आदमियों की तहकीकात से मालूम हुआ है कि ऐसी फ़र्जी कोई कार्यवाही नहीं हुयी है।

*१७-१८--**श्री खुशी राम** (जिला अल्मोड़ा)--[२४ मई, १९५४ के लिए स्थगित किये गये।]

*१९-२१--**श्री राजाराम शर्मा** (जिला बस्ती)--[२४ मई, १९५४ के लिए स्थगित किये गये।]

हिन्द फ्लाइंग क्लब के पदाधिकारियों को मासिक पुरस्कार एवं सवारी व्यय

*२२--**श्री रामनारायण त्रिपाठी**--क्या सरकार कृपा करके बतायेगी कि वह हिन्द फ्लाइंग क्लब के कौन-कौन पदाधिकारियों को कितना-कितना मासिक पुरस्कार और सवारी खर्च देती है और उनके नाम और पते क्या हैं ?

श्री विचित्रनारायण शर्मा--सूचना इकट्ठा की जा रही है।

श्री रामनारायण त्रिपाठी--यह प्रश्न सरकार के पास ६ मार्च को गया था। एक महीना २० दिन हो जाने के बावजूद भी क्या कारण है कि अब तक लखनऊ से सूचना प्राप्त नहीं हो सकी ?

श्री विचित्रनारायण शर्मा--इसकी सूचना मेरे पास शनिश्चर को आयी थी लेकिन हमने उसे एग्जामिन किया तो मालूम हुआ कि उसमें कुछ कमी रह गयी है इसलिए फिर से मुकम्मिल सूचना मंगाई गयी है, क्योंकि हाउस के सामने अधूरी सूचना देना ठीक नहीं है।

श्री सुरेशप्रकाश सिंह—क्या सरकार बतलाने की कृपा करेगी कि हिन्द फ्लाइंग क्लब के पदाधिकारियों का क्या कोई रजिस्टर नहीं रहता जिसमें यह दर्ज हो कि उनकी कितनी तनख्वाह है ?

श्री विचित्र नारायण शर्मा—रजिस्टर रहता है। उसकी सूचना मंगाई गई है।

प्रतापगढ़ जिले में डेरी फार्म खोलने के लिये तकावी

*२३—**श्री रामनारायण त्रिपाठी**—क्या सरकार कृपा कर बतायेगी कि प्रतापगढ़ जिले में पिछले पांच वर्षों में डेरी खोलने के लिए ५,००० रु० से अधिक की तकावी किन-किन लोगों को दी गयी ?

श्री जगन प्रसाद रावत—गत ५ वर्षों के अन्तर्गत प्रतापगढ़ जिले में किसी को भी डेरी फार्म के लिये तकावी ऋण नहीं दिया गया।

*२४—**श्री रामनारायण त्रिपाठी**—क्या सरकार कृपा करके बतायेगी कि प्रतापगढ़ जिले में पिछले पांच वर्षों में पोल्टरी खोलने के लिए ५,०००) से अधिक की तकावी किन-किन व्यक्तियों को दी गयी ?

श्री जगन प्रसाद रावत—किसी को नहीं।

श्री रामनारायण त्रिपाठी—जब तकावी नहीं दी गयी तो क्या एक मुश्त आर्थिक सहायता किसी को दी गयी ?

श्री जगन प्रसाद रावत—सहायता दी गयी।

श्री रामनारायण त्रिपाठी—क्या माननीय राजस्व मंत्री जी उन लोगों का नाम बतलाने की कृपा करेंगे जिनको डेरी के लिए पांच हजार से अधिक आर्थिक सहायता एकमुश्त दी गयी।

श्री जगन प्रसाद रावत—यह नया प्रश्न है। इसकी सूचना की आवश्यकता है, क्योंकि यह तफसील मेरे पास नहीं है।

जिला बस्ती की तहसील खलीलाबाद में हैसर बाजार से बड़गो बसवारी गांव की सड़क पर टेस्ट वर्क

*२५—**श्री रामसुन्दर राम** (जिला बस्ती)—क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि जिला बस्ती, तहसील खलीलाबाद के दक्षिणी क्षेत्र में हैसर बाजार से बड़गो बसवारी गांव की सड़क पर जो टेस्ट वर्क से बन रही है, कब से काम शुरू हुआ है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—तहसील खलीलाबाद के दक्षिणी क्षेत्र में हैसर बाजार से बड़गो बसवारी गांव की सड़क पर टेस्ट वर्क ११ जनवरी, १९५४ को शुरू हुआ।

*२६—**श्री रामसुन्दर राम**—क्या माल मंत्री कृपा कर बतायेंगे कि वह सड़क कुल कितनी लम्बी है और क्या वह गोरखपुर व फैजाबाद से भी मिली हुयी है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—हैसर से बसवारी गांव की सड़क ८ मील लम्बी है। यह सड़क गोरखपुर तथा फैजाबाद से भी मिली हुयी है।

*२७—**श्री रामसुन्दर राम**—क्या माल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उपर्युक्त सड़क पर अब तक कुल कितना धन व्यय हुआ है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—इस सड़क पर टेस्ट वर्क में कुल ८,२२२ रु० ३ आ० व्यय हुआ है।

श्री रामसुन्दर राम---क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि किस तारीख को टेस्ट वर्क का काम बन्द हुआ और जिस दिन काम बन्द हुआ उस दिन कितने मजदूर काम कर रहे थे ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---३० फरवरी, सन् ५४ को काम बन्द हुआ और उस दिन कितने मजदूर काम पर थे इसकी सूचना की आवश्यकता है।

श्री रामसुन्दर राम---क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि टेस्ट वर्क का काम बन्द होने से उस क्षेत्र में बहुत ही असन्तोष फैला हुआ है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---इसकी सूचना तो सरकार को नहीं है।

श्री ब्रजभूषण मिश्र (जिला मिर्जापुर)---क्या माननीय मंत्री जी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि इतने रुपये से कितनी मील सड़क बन गयी ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---साढ़े तीन मील।

श्री अब्दुल मुईज खां (जिला बस्ती)---क्या माननीय मंत्री जी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि किस कारण से यह टेस्ट वर्क बन्द किया गया ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---परिस्थिति जब ठीक होती है और मजदूर काफी नहीं मिलते हैं तब टेस्ट वर्क बन्द कर दिया जाता है और जब काम खत्म हो जाता है तब भी टेस्ट वर्क बन्द कर दिया जाता है।

श्री धनुषधारी पांडेय---क्या माननीय मंत्री जी यह पता लगाने की कृपा करेंगे कि जिस रोज काम बन्द किया गया उस रोज पांच सौ से अधिक मजदूर काम पर आये थे ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---यह तो जवाब दिया जा चुका है कि यह पता नहीं है कि उस दिन कितने मजदूर काम पर आये थे जिस दिन काम बन्द किया गया था।

*२८-३०---**श्री प्रतिपाल सिंह** (जिला शाहजहांपुर)---[२९ अप्रैल, १९५४ के लिये प्रश्न संख्या ५३-५५ के अन्तर्गत स्थानान्तरित किये गये।]

राज्य में बाढ़ तथा अति वृष्टि से हानि

*३१---**श्री गेंदा सिंह** (जिला देवरिया) (अनुपस्थित)---क्या सरकार कृपा कर बतायेगी कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ और अतिवृष्टि से जो क्षति खरीफ की फसल को और दूसरे प्रकार की हुई उसका कोई ब्योरा सरकार के पास मौजूद है ? यदि हां, तो क्या ?

श्री चरण सिंह---जी हां, राज्य में बाढ़ तथा अतिवृष्टि से होने वाली हानि का विवरण संलग्न सूची में दिया हुआ है।

(देखिये नत्थी 'घ' आगे ५४ पृष्ठ पर)

*३२---**श्री गेंदा सिंह** (अनुपस्थित) सरकार ने क्षतिग्रस्त इलाकों की जो सहायता की उसका कोई ब्योरा प्रादेशिक सरकार के कार्यालय में है ? यदि हां, तो क्या ?

श्री चरण सिंह---जी हां, सहायता का विवरण संलग्न सूची में दिया हुआ है।

(देखिये नत्थी 'ङ' आगे पृष्ठ ५५ पर)

*३३—श्री गेंदा सिंह (अनुपस्थित)— देवरिया जिले के पशुओं की भारी संख्या में मृत्यु तथा लावारिश छोड़ दिये जाने की सूचना सरकार को मिली है ? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या किया ?

श्री चरण सिंह—देवरिया जिले में चारे के अभाव के कारण पशुओं की भारी संख्या में मृत्यु तथा उनके लावारिश छोड़ दिये जाने की कोई सूचना सरकार को नहीं मिली है। केवल बाढ़ के समय देवरिया तहसील के कुछ भागों में पशु लावारिश घूमते हुए देखे गये थे, परन्तु बाढ़ के बाद पशुओं के मालिक उन्हें अपने घर ले गये।

बाढ़ के कारण चारे की कमी हो गई थी, यह सत्य है। इस कमी को पूरा करने के लिये २५ वैगन जंगल की सूखी घास, २५ वैगन भूसा, तथा १० वैगन खोइया मंगाई गई। हाटा तहसील के उत्तरी क्षेत्र के निकटवर्ती सरकारी जंगलों में पशुओं को मुफ्त चरने की छूट दे दी गई थी। चारे के कमी की अब कोई आशंका नहीं है।

जमींदारी उन्मूलन के दिन बस्ती जिला बोर्ड को प्राप्त हाट व घाट

*३४—श्री मथुरा प्रसाद पांडेय (जिला बस्ती)—क्या सरकार कृपया बतायेगी कि १ जुलाई, सन् १९५२ ई० (जमींदारी उन्मूलन के दिन) बस्ती जिले के कौन-कौन से हाट व घाट जिला बोर्ड बस्ती को मिले थे ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—सूचना संलग्न सूची में दी हुई है।

(देखिये नत्थी 'च' आगे पृष्ठ ५६–६१ पर)

*३५—श्री मथुरा प्रसाद पांडेय—क्या सरकार कृपया बतायेगी कि उनमें से कितने हाट व घाट अब जिला बोर्ड बस्ती के पास रह गये हैं और कितने भूतपूर्व जमींदारों को वापस कर दिये गये ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—जिला बोर्ड बस्ती के पास अब केवल एक बाजार और १० घाट रह गये हैं। १८ हाट भूतपूर्व जमींदारों को वापस कर दिये गये।

श्री मथुरा प्रसाद पांडेय—क्या माननीय मंत्री महोदय कृपा करके यह बतलाने की कृपा करेंगे कि १८ हाट जो भूतपूर्व जमींदारों को वापस किये गये हैं वह किस आधार पर वापस किये गये हैं।

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—जो हाट उनकी सीर, भूमिधरी या बाग में लगते थे वह सरकार ने कायदे के मुताबिक उनको वापस कर दिये ?

श्री वीरेन्द्र वर्मा—क्या माननीय मंत्री जी यह बतलाने का कष्ट करेंगे कि जमींदारी उन्मूलन से पूर्व हाट और घाट इसी जिले में ग्राम समाजों को भी दिये गये हैं ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य— जी हां।

श्री वीरेन्द्र वर्मा—क्या उनकी संख्या भी बताने का कष्ट करेंगे ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—सूची में संख्या दी हुई है और बहुत बड़ी संख्या है।

मुंडेरवा मिल जोन में गन्ना विभाग द्वारा जनहित कार्य

*३६—श्री राजाराम शर्मा—क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि केन० डे० विभाग की तरफ से मुंडेरवा मिल जोन में कौन-कौन से काम जनता के हित में किये गये हैं ?

श्री जगन प्रसाद रावत--मुंडेरवा मिल जोन में गन्ना विभाग द्वारा जनहित में किये गये कार्यों का विवरण माननीय सदस्य की मेज पर प्रस्तुत है।

(देखिये नत्थी 'छ' आगे पृष्ठ ६२-६६ पर)

श्री राजाराम शर्मा--जो विवरण दिया गया है उसमें पंचायत घर बनाने का जिक्र है तो यह पंचायत घर बनाने में कितना खर्च हुआ है ?

श्री जगन प्रसाद रावत--इसके लिये सूचना की आवश्यकता है।

भूमि प्रबन्धक कमेटियों के सदस्यों एवं प्रधानों को गांव समाज मैनुअल का ज्ञान कराने की व्यवस्था

*३७--**श्री जगन्नाथ प्रसाद** (जिला खीरी)-- क्या सरकार भूमि प्रबन्धक कमेटियों के सदस्यों तथा प्रधानों को गांव समाज मैनुअल का सम्यक् रूप से ज्ञान कराने की कोई व्यवस्था शीघ्र ही कर रही है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--सरकार इस सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्था बहुत पहले ही कर चुकी है।

श्री जगन्नाथ प्रसाद--क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि किस प्रकार की व्यवस्था की गई है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--यह तो ग्राम समाज मैनुअल है उसके भेजने से जानकारी हुई। इसके अतिरिक्त एस० डी० ओज० तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को आदेश दिये गये कि जब वे अपने टूर पर जायं तो भूमि प्रबन्धक समिति की मीटिंग बुलायें और लोगों को इसका ज्ञान करायें। मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी ने लगभग प्रदेश के सभी जिलों में बड़ी-बड़ी मीटिंग्स कीं, सारे जिलों की भूमि प्रबन्धक समितियों को बुलाया और लेखपालों को भी बुला कर जो भी जानकारी देनी थी वह उन लोगों को दी। मैंने भी २५ जिलों में इसी प्रकार की मीटिंग्स की और लेखपालों को बलाया और जानकारी कराने का प्रयत्न किया इस तरह से काफी प्रचार किया गया और लोगों को जानकारी कराई गई।

गाजीपुर जिले में नदियों की बाढ़ से बहे हुये ग्राम

*३८--**श्री यमुना सिंह** (जिला गाजीपुर)--क्या सरकार को ज्ञात है कि गाजीपुर जिले में भगई, वेसी, टोस भैंसही, गोधनी नदियों के किनारे के कितने ग्राम गत बाढ़ से बह गये हैं ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--गत बाढ़ में इन नदियों के किनारे का कोई भी ग्राम नहीं बहा है।

श्री कमला सिंह--क्या सरकार को मालूम है कि निम्नलिखित गांव बह गये हैं धमराव, मुडियारी, बलुआ, रामगढ़, फिरोजपुर, कोडरा, पालनतरी, सरायकुवारा, खतीरपुर, करचाकोइरी, नवाबगंज, रकबा....

श्री अध्यक्ष--ऐसे कितने गांव हैं ? सबके नाम लेने की जरूरत नहीं है।

श्री कमला सिंह--इस तरह के ३८ गांव हैं जो बह गये हैं और भी गांव हैं जो बह गये हैं। क्या सरकार को इनका पता है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--जिन गांवों का नाम माननीय सदस्य ने लिया है सम्भव है उन गांवों में फसल को नुकसान हुआ हो लेकिन कोई गांव बहा नहीं है। यह भी सम्भव है कि फसल बह गई हो, नुकसान हुआ हो।

श्री कमला सिंह---गांवों को मैंने खुद देखा है। जिन गांवों का नाम मैंने अभी लिया है वहां मकान तक बह गये हैं? क्या माननीय मंत्री जी को पता है?

श्री चरण सिंह--- हमारी इत्तिला के अनुसार गांव बहे नहीं हैं। बहना किसे कहते हैं यह विवादास्पद सवाल है।

श्री सुरेश प्रकाश सिंह---क्या सरकार इसकी जांच करायेगी कि कहीं नीचे से गलत इत्तिला तो सरकार के पास नहीं भेजी गई?

श्री चरण सिंह---अभी तो हमारे पास कोई ऐसी वजह नहीं है जिससे यकीन किया जाय कि इत्तिला गलत है?

श्री कमला सिंह---क्या सरकार बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में मकान बनाने के लिये सहायता देने की कृपा करेगी?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---यह तो जितने मकान ध्वस्त हो जाते हैं उनको सरकार सहायता देती है। जिन जिलों से ऐसी रिपोर्टें आईं सरकार ने सहायता दी है।

श्री नारायणदत्त तिवारी---क्या माननीय मंत्री जी ऐसे गांवों का नाम बताने की कृपा करेंगे जहां सम्भवतः सारी फस्ल बह गयी हो?

श्री अध्यक्ष---यह संभावना का सवाल है। यह इससे उत्पन्न नहीं होता।

श्री रामनारायण त्रिपाठी---क्या राजस्व मंत्री को सूचना है कि जिन गांवों का नाम माननीय कमला सिंह ने लिया उनमें सैकड़ों मकान बह गये हैं?

श्री चरण सिंह---जी नहीं, ऐसी कोई सूचना हमारे पास नहीं है।

मिर्जापुर की चुनार तहसील में ओला पड़ने से क्षति

*३९---श्री राज कुमार शर्मा---(जिला मिर्जापुर)---क्या सरकार को पता है कि मिर्जापुर की चुनार तहसील में गत फरवरी मास में ओला पड़ने से क्षति हुई है?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---जी हां।

*४०---श्री राजकुमार शर्मा---क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि इस तहसील के किस परगने में कितने ग्रामों में ओला पड़ा और उससे रबी के खेती की कितनी हानि हुई है? क्या यह सही है कि घरों के खपरैलों को बड़ी हानि हुई है?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---इस तहसील के परगना भुइली के ४८ ग्रामों में रबी की फसल को काफी हानि पहुंची है। हानि की मात्रा इस प्रकार है:

४६ गांवों में १२ आने से १६ आने तक

२ गांवों में ८ आने से १० आने तक।

घरों को खपरैलों को भी कहीं-कहीं हानि पहुंची।

*४१---श्री राजकुमार शर्मा---सरकार इन ओला-पीड़ित क्षेत्रों की क्या सहायता करने जा रही है?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---हानि-ग्रस्त क्षेत्र में मालगुजारी में नियमों के अनुसार उचित छूट देने और बैल तथा बीज खरीदने के लिये तक़ावी बांटने की कार्यवाही की जा रही है, सस्ते गल्ले की दुकानें भी खोली गई हैं।

श्री राजकुमार शर्मा—क्या सरकार, जिन ग्रामों में ८ आने से १० आने तक हानि हुई है, उन ग्रामों के नाम बताने की कृपा करेगी ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—गांव के नाम तो मेरे पास नहीं हैं।

श्री राजकुमार शर्मा—क्या यह सही है कि तकाबी का रुपया बिना जमीन की जमानत के जमीन वालों को नहीं मिलता ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—वह तो लैंड रेकार्ड मैनुअल में दिया हुआ है कि बिला जमानत के नहीं मिलती।

श्री राज कुमार शर्मा—क्या सरकार गरीबों, हरिजनों तथा पिछड़े हुए लोगों के घरों की मरम्मत के लिए काफी सहायता देने की दया करेगी ?

श्री चरण सिंह—ओला पड़ा है, फसल नष्ट हुई है। इसमें घरों की मरम्मत का क्या सवाल है ?

श्री राम सुन्दर पांडेय—क्या माननीय माल मंत्री जी को पता है कि चुनार क्षेत्र में जहां ओला पड़ा है, उन किसानों से रबी की मालगुजारी भी सख्ती के साथ वसूल की जा रही है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—हां, ऐसा....

श्री चरण सिंह—जी, यह बात गलत है कि सख्ती से वसूल की जा रही है।

श्री नारायण दत्त तिवारी—मैं प्वाइंट आफ आर्डर के रूप में एक बात जानना चाहता हूं कि जब माननीय सभा सचिव उत्तर दे रहे थे तो उसको माननीय माल मंत्री ने उत्तर देने से रोका, आब्स्ट्रक्ट किया। क्या आप इसे उचित समझते हैं सदन में ?

श्री अध्यक्ष—आब्स्ट्रक्ट करना अवश्य बुरा है, लेकिन यहां जिम्मेदारी किसकी है ? उत्तर देने के लिये हम माननीय मंत्री को जिम्मेदार समझते हैं वे अपने सभासचिव को अवश्य रोक सकते हैं। लेकिन अगर मंत्री को सभा सचिव रोक दें तो वह अनुचित होगा।

श्री राम सुन्दर पांडेय—क्या इस चुनार तहसील के ओला-पीड़ित क्षेत्र से रबी की मालगुजारी वसूल की जा रही है ?

श्री चरण सिंह—ओला पड़ जाय, पाला पड़ जाय, सूखा पड़ जाय, बाढ़ आ जाय तो डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को अधिकार होता है कि वह खुद मालगुजारी को स्थगित कर दे और तभी वह उसकी रिपोर्ट कर दे। तो जहां ओला पड़ा है, जहां दस आने से सोलह आने तक फसल को नुकसान पहुंचा है, वहां मालगुजारी वसूल करने का कोई प्रश्न नहीं उठता।

बाराबंकी जिले में भूमिधर

*४२—**श्री उमा शंकर** (जिला आजमगढ़) (अनुपस्थित)—क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि बाराबंकी जिले में कुल कितने भूमिधर बने हैं और उनसे कुल कितना रुपया वसूल हुआ है ?

श्री चरण सिंह—बाराबंकी जिले में कुल ३५,८४४ भूमिधर बने हैं और उनसे कुल ५२,६८,८७३ रु० वसूल हुये हैं।

*४३--श्री उमा शंकर (अनुपस्थित)--उक्त भूमिधरों में से कितने प्रमाण-पत्र पा चुके हैं और कितनों ने अभी नहीं पाये हैं?

श्री चरण सिंह--उक्त सभी भूमिधर प्रमाण-पत्र पा चुके हैं।

खिसौली, जिला अलीगढ़ में आग लगने के निमित्त सरकारी रुपया बांटने में घूस खोरी

*४४--श्री राम प्रसाद देशमुख (जिला अलीगढ़)--क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि गांव खिसौली, तहसील, इगलास अलीगढ़ में आग लग जाने के कारण वहां के आदमियों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी गई थी?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य-- जी हां।

*४५--श्री राम प्रसाद देशमुख--क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि वहां के लोगों ने लिखित शिकायत की थी कि लेखपाल और कानूनगो दोनों ने इस सहायता का १/३ हिस्सा रिश्वत के रूप में ले लिया? यदि हां, तो उसमें क्या कार्यवाही की गई?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--जी हां। जिला अधिकारी द्वारा इस मामले की जांच कराई गई है, अभी निर्णय नहीं हुआ है।

श्री राम प्रसाद देशमुख--क्या माननीय मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि निर्णय होने की कब तक आशा की जाती है?

श्री चरण सिंह--इसमें देर यों हो गई कि पहले तहकीकात की थी। फिर माननीय सदस्य ने शिकायत की तो फिर हमने डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को लिखा कि मौके पर जाकर तहकीकात करो और फिर वह मिसिल हमने अपने पास मंगा ली थी, उसको वापस भेजा कि फिर से तहकीकात करके भेजो इसलिये देर हो गई। अब जल्दी हो आशा की जाती है कि किसी नतीजे पर पहुंच जायंगे।

श्री राम प्रसाद देशमुख--क्या माननीय मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि वहां के कानूनगो की शिकायत आने के बाद उसको दूसरी तहसील में नायब तहसीलदार बनाकर भेज दिया गया?

श्री चरण सिंह--जी हां। भेजा गया था लेकिन फिर उसे वापस कर दिया गया।

श्री हरदयाल सिंह पिपल (जिला अलीगढ़)--क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि इगलास तहसील के खिसौली गांव में कितने परिवारों को कितनी सहायता दी गई?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य--इसके लिए सूचना की आवश्यकता है।

श्री राम सुन्दर पांडेय--क्या माननीय माल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि खिसौली गांव में आग लग जाने के कारण कितने रुपये की क्षति हुई है?

श्री चरण सिंह--इस वक्त तो यह याद नहीं है। फाइल मेरे पास मौजूद है। उसके देखने में जरा देर लगेगी।

श्री राम सुन्दर पांडेय--क्या माननीय माल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वहां पर जो सहायता दी गई, वह किस-किस मद में कितनी-कितनी दी गई?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—५४० रुपये की सहायता दी गई। किस मद में दी गई, वह तो आग लगने की वजह से दी गई थी।

फ़तेहपुर में लगान वसूली के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति में हरिजनों का प्रतिशत कोटा

*४६—**श्री भगवानदीन वाल्मीकि** (जिला फतेहपुर)—क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि फतेहपुर में लगान की वसूली के सम्बन्ध में रखे गये अमीन, चपरासी, क्लर्क और नायब तहसीलदारों की नियुक्ति संख्या अलग-अलग क्या है?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—फतेहपुर में मालगुजारी की वसूली के सम्बन्ध में रक्खे गये अमीन, चपरासी, क्लर्क और नायब तहसीलदार की नियुक्ति संख्या निम्नलिखित है :—

अमीन	..	८४
चपरासी	..	८४
क्लर्क	..	१२
नायब तहसीलदार	..	७

*४७—**श्री भगवानदीन वाल्मीकि**—क्या सरकार बतायेगी कि उपर्युक्त जगहों पर कितने हरिजनों को नियुक्त किया गया?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—उपर्युक्त जगहों पर हरिजनों की नियुक्ति संख्या निम्नलिखित है :—

अमीन	..	१
चपरासी	..	४
क्लर्क	..	१
नायब तहसीलदार	..	२

श्री भगवानदीन वाल्मीकि—क्या माननीय मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि अमीन और चपरासियों की जगहों पर हरिजनों का १८ प्रतिशत कोटा पूरा न होने का क्या कारण था?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—कायदा यह था कि जिनको फसल की वसूली का तजुर्बा हो, एक से अधिक फ़सल का, वही अमीन रखे जायं। तो जब यह नियुक्ति हुई उस समय हरिजन पहले के तजुर्बेकार नहीं मिले और चपरासी जो रखे गये उनमें भी जो पुराने अलग हुये थे, उनका भी लिहाज करके रखा गया। लेकिन चपरासियों के सम्बन्ध में जिलाधीश उनका रिजर्वेशन पूरा करने का प्रयत्न जारी रखे हुये हैं।

श्री शिवनारायण (जिला बस्ती)—क्या सरकार मेहरबानी करके बतलायेगी कि तजुरबेगाह में कुछ और हरिजनों को तैयार करके भविष्य के लिये रखा जायगा ताकि जब जरूरत पड़े तो उनको ले लिया जाय?

श्री चरण सिंह—जब १९५२ में मालगुजारी वसूल करने की स्कीम जारी की गयी, डाइरेक्ट एजेंसी से तो उस वक्त भी हरिजन बहुत कम आये। उस वक्त तजुरबे की जरूरत नहीं थी। यह बात नहीं है कि कोई तजुरबे की शर्त हो गयी इसलिये कम आये क्योंकि साल भर जब तजुरबे की शर्त नहीं थी उस वक्त भी दो, चार ही हरिजन आये थे। अब चूंकि कुछ लोगों को निकालना है, तो जिन्होंने एक फसल काम किया हो उन लोगों को ही रखेंगे। इस बात को कई बार मैं सवालों के जवाब में समझा चुका हूं। अब जो नियुक्तियां हैं वह पब्लिक सरविस कमीशन द्वारा होंगी और हरिजनों के संबंध में हम कुछ और सहूलियत करने की सोच रहे हैं।

श्री जोरावर वर्मा (जिला हमीरपुर)—क्या माननीय मंत्री जी बतायेंगे कि आल दि इयर राउन्ड में कितने अमीन, चपरासी, क्लर्क और नायब तहसीलदार रखे गये हैं और उनमें हरिजनों की क्या संख्या है ?

श्री अध्यक्ष—क्या आपने आल दि इयर राउन्ड कहा ? समझ में नहीं आया।

श्री जोरावर वर्मा—जी हां। दिसम्बर में.....

श्री अध्यक्ष—आप जरा हिन्दी में समझा दीजिये। "साल भर में" आप कह सकते हैं।

श्री जोरावर वर्मा—वर्ष भर में जो अमीन, चपरासी, क्लर्क और नायब तहसीलदार लिये गये हैं वह कितने हैं और उनमें हरिजनों की क्या संख्या है ?

श्री चरण सिंह—नोटिस की जरूरत है।

तहसील अमरोहा, जिला मुरादाबाद में ओला पड़ने से क्षति एवं राजकीय सहायता

*४८—**श्री खयाली राम** (जिला मुरादाबाद)—क्या माल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या उन्हें सूचना मिली है कि तहसील अमरोहा जिला मुरादाबाद के उत्तरी भाग के अनेक ग्रामों में ओला पड़ने के कारण रबी की फस्ल नष्ट हो गई है ? यदि हां, तो कितने ग्रामों में कितने प्रतिशत क्षति हुई है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—तहसील अमरोहा के ग्रामों में ओला पड़ने से रबी की फसल को जो क्षति पहुंची है वह इस प्रकार है

१५ ग्रामों में २ आने से ६ आने तक, और १०७ ग्रामों में आठ आने और इससे अधिक

*४९—**श्री खयाली राम**—क्या माल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिन ग्रामों में ओला वृष्टि हुई है उन्हें किस-किस प्रकार की राजकीय सहायता देने का विचार है ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य—जिन ग्रामों में ८ आने या इससे अधिक क्षति पहुंची है उनमें मालगुजारी में आवश्यक छूट जिलाधीश की रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमों के अनुसार दी जायगी।

श्री खयाली राम—क्या माननीय माल मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि जितने ग्रामों में आठ आने से अधिक हानि हुई है उनको तकावी देने की कोई व्यवस्था की गयी है या नहीं ?

श्री चरण सिंह—अभी तो छूट दिये जाने के लिये व्यवस्था की जा रही है। रही तकावी की बात। तो जो साधारण नियम है, चाहे फसल नष्ट हुई हो या न हुई हो तकावी मिल ही सकती है।

श्री खयाली राम—क्या माननीय माल मंत्री जी यह बतलाने की कृपा करेंगे कि जिन क्षेत्रों में आठ आने से अधिक हानि हुई है उसमें आबपाशी में भी कोई छूट देने की व्यवस्था की जा रही है ?

श्री चरण सिंह—नहीं। ऐसा कोई विचार अभी नहीं है।

श्री महीलाल (जिला मुरादाबाद)—क्या माननीय माल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अमरोहा के अलावा मुरादाबाद जिले की अन्य तहसीलों में भी कुछ हानि हुई है ?

श्री अध्यक्ष—मैं इसकी इजाजत नहीं देता क्योंकि यह तो एक ही तहसील के बारे में प्रश्न है।

*५०—**श्री बलभद्र प्रसाद शुक्ल** (जिला गोंडा)—[१७ मई, १९५४ के लिये स्थगित किया गया]

तहसील संडीला, जिला हरदोई में अति वृष्टि तथा बाढ़ से क्षति के कारण लगान में छूट

*५१--श्रीमती लक्ष्मी देवी (जिला हरदोई)---क्या सरकारने अधिक वर्षा के कारण फसल नष्ट होने पर संडीला तहसील, जिला हरदोई में आबपाशी व लगान में किसानों को माफी दी है ? यदि हां, तो कितनी ?

श्री द्वारका प्रसाद मौर्य---तहसील संडीला, जिला हरदोई में अति वृष्टि तथा बाढ़ से खरीफ १३६१ की फसल को हानि पहुंचने के कारण १,१६,९७८ रुपये की मालगुजारी की वसूली अगली फसल तक के लिये स्थगित कर दी गई है । सिंचाई कर अथवा मालगुजारी में कोई छूट नहीं दी गई है ।

श्रीमती लक्ष्मी देवी---क्या सरकार कृपा कर के बतलायेगी कि इस साल फरवरी के महीने जो बारिस हुई है उससे रबी की फसल भी करीब-करीब नष्ट हो गई है ।

श्री चरण सिंह---अभी ऐसी कोई सूचना इस समय नहीं दी जा सकती । अगर कहीं फसल नष्ट हो गई होगी तो उसके लिये उचित कार्यवाही नियमानुसार की जा रही होगी ।

प्रदेश में सरकारी कृषि विद्यालयों का आय-व्यय

*५२---श्री रामचन्द्र विकल (जिला बुलन्दशहर)---क्या सरकर कृपा करके बतलायेगी कि प्रदेश में सरकारी कृषि विद्यालय कहां-कहां है और उनमें से प्रत्येक पर सरकार का वार्षिक कितना व्यय होता है और प्रत्येक से कितनी आय होती है ?

श्री जगन प्रसाद रावत---एक सरकारी कृषि महाविद्यालय कानपुर में है और तीन कृषि विद्यालय, गोरखपुर बुलन्दशहर और चिरगांव जिला झांसी में है । वित्तीय वर्ष १९५२-५३ में प्रत्येक पर निम्नलिखित व्यय हुआ और निम्नलिखित आय हुई :---

	व्यय	आय
	रु०	रु०
कृषि महाविद्यालय, कानपुर	६,३१,६५३	१,७६,४९२
कृषि विद्यालय, गोरखपुर	८७,२८०	१०,६५९
कृषि विद्यालय, बुलन्दशहर	७९,८६१	२९,६८०
कृषि विद्यालय, चिरगांव	५२,१३३	३,७८३

श्री रामचन्द्र विकल---क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इन कृषि विद्यालयों के अन्तर्गत चलने वाले कृषि फार्म्स का आय-व्यय भी इसमें सम्मिलित है ?

श्री जगन प्रसाद रावत---जी हां ।

श्री रामचन्द्र विकल---क्या माननीय मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि इन कृषि फार्म्स का आय-व्यय अलग-अलग क्या है ?

श्री जगन प्रसाद रावत---इसके लिये सूचना की आवश्यकता है ।

श्री रामचन्द्र विकल---क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि इन कृषि फार्म्स पर सरकार का अधिक खर्च होने पर भी उनकी पैदावार की औसत किसानों की औसत पैदावार से कम बैठी है ?

श्री जगन प्रसाद रावत—ऐसा नहीं है कि इन फार्म्स पर साधारण किसानों की औसत पैदावार से कम पैदावार होती है लेकिन ये जो कृषि फार्म्स हैं, ये कोई खेती के लिये नहीं होते बल्कि इन पर लड़कों को सिखाया जाता है और सिखाने में जो प्रयोग होते हैं उन पर काफी खर्च होता है और जब लड़के नये-नये प्रयोग सीखते हैं तो वे कुछ दिनों तक अधिक पैदावार कर भी नहीं पाते लेकिन साधारण तौर पर इन फार्म्स पर नुकसान नहीं होता ।

हरदोई जिले में सरकारी बसें चलाने का विचार

*५३—**श्री वीरेन्द्रनाथ मिश्र** (जिला हरदोई)—क्या सरकार हरदोई जिले में सरकारी रोडवेज की गाड़ियां चलाने का विचार रखती है ?

श्री विचित्र नारायण शर्मा—जी हां ।

*५४—**श्री वीरेन्द्रनाथ मिश्र**—यदि उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर हां में है, तो किन-किन मार्गों पर और कब तक सरकारी रोडवेज की गाड़ियां चलेंगी ?

श्री विचित्र नारायण शर्मा—अभी यह मामला विचाराधीन है ।

शहरी क्षेत्रों में शिकमी किसानों की बेदखली

*५५—**श्री देवमूर्ति राम** (जिला बनारस)—क्या सरकार को ज्ञात है कि कई शहरी क्षेत्रों में शिकमी किसानों की बेदखली हो रही है ?

श्री चरण सिंह—सरकार को अभी तक ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है ।

*५६—**श्री देवमूर्ति राम**—क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि वह निकट भविष्य में ऐसे शिकमी किसानों की बेदखलियों को रोकने के लिये कोई आदेश जारी करने वाली है ?

श्री चरण सिंह—सरकार इस संबंध में पहले से ही आवश्यक आदेश जारी कर चुकी है ।

*५७—**श्री रामराज शुक्ल** (जिला प्रतापगढ़)—[२४ मई, १९५४ के लिये स्थगित किया गया ।]

जिला हरदोई में लगान वसूली के लिये कार्यकर्त्ताओं की नियुक्ति और उनमें परिगणित जातियों के कार्यकर्त्ताओं की संख्या

*५८—**श्री कन्हैयालाल वाल्मीकि** (जिला हरदोई)—क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि जिला हरदोई में दिसम्बर, सन् ५३ से लगान वसूलयाबी में कितने नायब तहसीलदार, कितने क्लर्क, कितने कुर्क अमीन तथा कितने चपरासी रक्खे गये हैं ?

श्री चरण सिंह—जिला हरदोई में दिसम्बर सन् १९५३ में मालगुजारी की वसूली के लिये निम्नलिखित कार्यकर्त्ता रक्खे गये :—

नायब तहसीलदार	..	..	१३
क्लर्क	..	..	३०
कुर्क अमीन	..	..	१४८
चपरासी	..	..	२९८

*५९—**श्री कन्हैया लाल वाल्मीकि**—नियुक्त की हुई तादाद में प्रत्येक वर्ग में कितने अछूत रक्खे गये हैं ?

श्री चरण सिंह—नियुक्त किये गये उपरोक्त कार्यकर्त्ताओं में से परिगणित जाति के कार्यकर्त्ताओं की संख्या निम्नलिखित है :—

नायब तहसीलदार	..	..	२
क्लर्क ..	..	..	५
कुर्क अमीन	..	..	२४
चपरासी	..	..	५०

जौनपुर जिले में टिड्डियों द्वारा फसल को हानि तथा लगान में छूट

*६०—**श्री रमेशचन्द्र शर्मा**—(अनुपस्थित) क्या कृषि मंत्री कृपा करके बतायेंगे कि जौनपुर जिले के कितने और किन किन ग्रामों में पतंगों (टिड्डी) द्वारा खरीफ की फस्ल का नुकसान हुआ है ?

श्री चरण सिंह—जौनपुर जिले में टिड्डियों द्वारा फसल को कोई हानि नहीं हुई परन्तु पतंगों (Grass-hoppers) द्वारा ३१८ ग्रामों में खरीफ की फसल को नुकसान हुआ। इन गांवों की सूची कार्यालय में देखी जा सकती है।

*६१—**श्री रमेशचन्द्र शर्मा**—(अनुपस्थित) क्या सरकार कृपा कर बतलायेगी कि जिन गांवों में पतंगों (टिड्डी) द्वारा नुकसान हुआ है उन ग्रामों में खरीफ के फसल के लगान में छूट दी जाने वाली है।

श्री चरण सिंह—जी हां, इस विषय में जिलाधीश के प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

*६२—**श्री रमेशचन्द्र शर्मा**—(अनुपस्थित) क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि कितने ग्रामों में पतंगों को नष्ट करने की व्यवस्था की गई है ?

श्री चरण सिंह—जौनपुर जिले के २७ ग्रामों में पतंगों के नष्ट करने का कार्य किया गया और कुल मिलाकर ६५९.३२ एकड़ खरीफ की फसलों पर जहरीली दवाइयां छिड़क कर पतंगों को नष्ट किया गया।

रुद्रपुर से रामपुर जाने के लिये रोडवेज के बस स्टेशन एवं कंडक्टर से टिकट लेने पर किराये में अन्तर

*६३—**श्री कृष्णशरण आर्य** (जिला रामपुर)—क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पिछले कई मासों से रोडवेज ने रुद्रपुर से रामपुर एक ही बस से जाने वाले यात्रियों से रुद्रपुर के बस स्टेशन से टिकट लेने तथा बस के साथ जाने वाले कन्डक्टर से टिकट लेने में भिन्न भिन्न किराया लिया है ?

*६४—यदि हां, तो बस की दोनों श्रेणियों के किरायों में उपर्युक्त प्रकार का क्या अन्तर था और वह किस दिनांक से किस दिनांक तक रहा।

श्री विचित्रनारायण शर्मा—इन प्रश्नों के संबंध में आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है, सूचना प्राप्त होने पर उत्तर दिया जायगा

राज्य में लोकल रेट की वसूली

*६५—**श्री सियाराम चौधरी** (जिला बहराइच) (अनुपस्थित)—क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि जो लोकल रेट पहिले जमींदारों से वसूल होता था वह अब किसानों से वसूला जाता है ?

श्री चरण सिंह—जी नहीं, जमींदारों से जो लोकल रेट वसूल किया जाता था वह किसानों से वसूल नहीं किया जाता। किसानों से वह रकम वसूल की जाती है जिसको जमींदारी उन्मूलन से पहले अब जमींदारों के अदा करने के जिम्मेदार थे।

आगरा जिले की तहसीलों में पाले से फसल को हानि

*६६—**श्री शम्भूनाथ चतुर्वेदी** (जिला आगरा)—क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि इस साल आगरा जिले की प्रत्येक तहसील में पाले से फसल को कितना नुकसान हुआ है।

श्री चरण सिंह—सूचना संलग्न सूची में दी गई है।

(देखिये नत्थी 'ज' आगे पृष्ठ ६७ पर)

डुमरियागंज, जिला बस्ती में बस सर्विस चालू करने का विचार

*६७—**श्री रामलखन मिश्र** (जिला बस्ती) (अनुपस्थित)—क्या सरकार को ज्ञात है कि तहसील डुमरियागंज जिला बस्ती के उत्तर राप्ती भाग में अब तक बस सरविस चालू नहीं हुई है?

श्री विचित्रनारायण शर्मा—तहसील डोमरियागंज जिला बस्ती के उत्तर राप्ती भाग में डुमरियागंज से बढ़नी तक दो प्राइवेट लारियां चलती हैं इसके अतिरिक्त मेंहदावल से फरेंदा तक के लिये जिसका कुछ भाग राप्ती नदी के ऊपर में पड़ता है दो अस्थायी परमिट दिये गये हैं।

*६८—**श्री रामलखन मिश्र** (अनुपस्थित)—क्या सरकार उत्तर राप्ती तहसील डुमरियागंज में शाहपुरी से बढ़नी स्टेशन तक बस सरविस चालू करने पर विचार कर रही है?

श्री विचित्रनारायण शर्मा—यहां पर कोई बस सरविस चलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

जिला गोंडा, तहसील तरबगंज में अधिक वर्षा से फसलों को हानि एवं पीड़ित जनता को सहायता

*६९—**श्री उम्मेद सिंह** (जिला गोंडा) (अनुपस्थित)—क्या सरकार को मालूम है कि जिला गोंडा के अन्तर्गत तरबगंज तहसील में सूखा एवं अधिक वर्षा के कारण गत वर्ष की रबी व खरीफ की फसलें करीब करीब नष्ट हो गई थीं और इस क्षेत्र की जनता को अन्न व चारे के अभाव के कारण इस समय महान कष्ट है?

श्री चरण सिंह—जिला गोंडा की तहसील तरबगंज में गत कृषि वर्ष (१३६० फसली) की रबी की फसल साधारणतः अच्छी थी केवल ६ गांवों की फसल ओला पड़ने से नष्ट हो गई थी। उसके बाद, १३६१ फसली खरीफ में २०५ गांवों में फसल को बाढ़ के द्वारा रुपये में ८ आना या उससे अधिक की हानि पहुंची, परन्तु इस समय अन्न और चारे का कोई कष्ट नहीं है।

*७०—**श्री उम्मेद सिंह** (अनुपस्थित)—क्या इसके बारे में मुख्य मंत्री का ध्यान उनके गोंडा प्रदर्शिनी के उद्घाटन के समय विशेष तौर से आकर्षित कराया गया था?

श्री चरण सिंह—इस बारे में कहा गया था।

*७१—**श्री उम्मेद सिंह** (अनुपस्थित)—यदि हां, तो सरकार ने इस क्षेत्र की पीड़ित जनता के सहायतार्थ क्या आदेश निकाला है?

श्री चरण सिंह—जिन क्षेत्रों में सहायता की आवश्यकता थी वहां मालगुजारी में छूट, तकावी, सस्ते गल्ले की दूकानों से सस्ते अनाज की पूर्ति आदि के रूप में उचित कार्यवाही पूर्व ही की जा चुकी है।

भुइली, जिला मिर्जापुर में बाढ़ से फसलों को हानि तथा बाढ़-पीड़ितों को सहायता

*७२--श्री राजकुमार शर्मा--क्या सरकार को ज्ञात है कि गत वर्षाकाल की बाढ़ से जिला मिर्जापुर के चुनार तहसील के अन्तर्गत भुइली परगना में खरीफ की फसल को क्षति हुई थी? यदि हां, तो सरकार ने वहां बाढ़-पीड़ित कृषकों की क्या सहायता की?

श्री चरण सिंह--जी हां, परन्तु यह हानि परगना भुइली के केवल ६६ गांवों में हुई। प्रभावित गांवों में बीज खरीदने के लिये १५,००० रु० की तकावी वितरित की गई तथा मालगुजारी में नियमानुसार छूट देने की कार्यवाही की जा रही है।

बस्ती जिले में जमींदारों के खातेदारों को मुआवजा

*७३--श्री धनुषधारी पांडेय--क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि बस्ती जिले में जमींदारों के कितने खाते हैं और उनमें से कितने खातेदारों को मुआवजा दिया गया और कितने को नहीं और क्यों।

श्री चरण सिंह--बस्ती जिले में जमींदारों के ३,९४,२३६ खाते हैं, इनमें से केवल १,३३,७१३ खातेदारों की प्रतिकर निर्धारण तालिका अन्तिम (Final) हुई हैं। १८,६४८ खातेदारों को प्रतिकर लेने के लिये नोटिसें दी गई थीं। इनमें से ७ अप्रैल तक केवल ४,८५४ खातेदारों ने मुआवजा लिया। बाकी खातेदारों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया। इसका कारण यह है कि सब खातों की प्रतिकर तालिका अभी तक अन्तिम नहीं हुई है। ५० रुपये से अधिक मुआवजा पाने वालों को बान्ड्स मिलने का प्रबन्ध अप्रैल के शुरू से ही हुआ है और ५० रुपये से कम मुआवजा पाने वाले सूचना पाने पर, मुआवजे के कम होने के नाते [तथा अपने कृषि-कार्य में व्यस्त होने के कारण मुआवजा लेने बहुत कम संख्या में आते हैं।

कुमायूं डिवीजन की बंजर तथा आबाद भूमि

*७४--श्री नारायणदत्त तिवारी--क्या सरकार कृपया बतायेगी कि कुमाऊं डिवीजन की कुल भूमि में से जिलेवार कितनी जमीन बंजर है, व कितनी आबाद है?

श्री चरण सिंह--सूचना नीचे दी हुई है :--

जिला		बंजर भूमि एकड़	कृषक क्षेत्र एकड़
अल्मोड़ा	..	५,०२,१६४	४,०२,०९९
गढ़वाल	..	५,३१,९२३	७,५९,१८१
टेहरी गढ़वाल	..	७,६४,६५६	१,८८,११६
नैनीताल पहाड़ी क्षेत्र	..	१५,९२८	५८,६६५
नैनीताल मैदानी क्षेत्र	..	४८,१८५	२,५४,४५६

बांसी तहसील, जिला बस्ती के अन्तर्गत अदालती पंचायत धरमौली में गांव समाजों को जायदाद

*७५--श्री मथुरा प्रसाद पांडेय--क्या सरकार कृपया यह बतायेगी कि तहसील बांसी, जिला बस्ती के अन्तर्गत अदालती पंचायत धरमौली में जो पांच ग्राम सभायें हैं उनमें से प्रत्येक गांव समाज को कितनी-कितनी बंजर आदि जमीन दीगर जायदाद १ जुलाई, सन् १९५२ ई० को मिली?

श्री चरणसिंह—१ जुलाई, १९५२ को गांव सभाओं में कोई जायदाद निहित नहीं हुई बल्कि उसके पश्चात् भिन्न-भिन्न तिथियों को निहित हुई जिसका ब्योरा संलग्न सूची में दिया गया है।

(देखिये नत्थी 'झ' आगे पृष्ठ ६८ पर)

*६७—**श्री मथुरा प्रसाद पांडेय**—क्या यह सही है कि उक्त अदालती पंचायत के ग्राम सभाओं के भूतपूर्व जमींदारों ने उन गांवों की परती बंजर भूमि व बंजर के पेड़ों, पोखरों, तालों, आबादी आदि पर से अब तक कब्जा नहीं छोड़ा है और जमींदारी टूटने के बाद से अब तक उनसे जो आमदनी हुई है वह गांव समाज को नहीं मिली?

श्री चरणसिंह—जी नहीं। ऐसी कोई शिकायत अभी तक सरकार को नहीं मिली है।

जमींदारी विनाश के बाद प्रदेश में माल गुजारी तथा लगान में वृद्धि

*७७—**श्री बलवन्त सिंह** (जिला मुजफ्फरनगर) (अनुपस्थित)—क्या सरकार कृपया यह बतायेगी कि कुल प्रान्त में जमींदारी खात्मे के बाद मालगुजारी तथा लगान कितना बढ़ गया?

श्री चरण सिंह—जमींदारी विनाश के बाद प्रदेश की मालगुजारी में ११,८६,-३२,००० रु० की वृद्धि हुई।

टोंस की बाढ़ एवं अति वृष्टि से रसड़ा तहसील (बलिया) में हानि और उसमें हरिजनों की क्षति

*७८—**श्री गंगा प्रसाद सिंह** (जिला बलिया) (अनुपस्थित)—क्या सरकार कृपया यह बतायेगी कि १९५३ की टोन्स की बाढ़ एवं अतिवृष्टि से जिला बलिया के अन्तर्गत रसड़ा तहसील में कितने मकान पूर्णतः और कितने अंशतः गिर गये हैं?

श्री चरणसिंह—सन् १९५३ में टोंस की बाढ़ एवं अतिवृष्टि से रसड़ा तहसील में १४८९ मकान पूर्णतः तथा ५,७१२ मकान अंशतः गिर गये हैं।

*७९—**श्री गंगा प्रसाद सिंह** (अनुपस्थित)—क्या सरकार कृपया यह बतायेगी कि इन पूर्णतः एवं अंशतः गिरे हुये मकानों में से कितने हरिजनों के हैं?

श्री चरणसिंह—उपर्युक्त मकानों में से ३२१ पूर्णतः तथा १३६ अंशतः गिरे हुए मकान हरिजनों के हैं।

इस सम्बन्ध में सरकार यह बता देना चाहती है कि प्राकृतिक विपत्तियों के अवसर पर जो सहायता दी जाती है, उसमें जाति अथवा सम्प्रदाय का कोई भेदभाव नहीं किया जाता। अतः जाति अथवा सम्प्रदाय के अनुसार हानि अथवा सहायता के आंकड़े न तो रखे जाते हैं और न ऐसे आंकड़े एकत्र करना उचित ही प्रतीत होता है।

गाजीपुर की तहसील मुहम्मदाबाद में लेखपालों की नियुक्ति

*८०—**श्री शिवपूजन राय** (जिला गाजीपुर)—क्या सरकार कृपा कर बतायेगी कि गाजीपुर जिले की तहसील मुहम्मदबाद में कितने पटवारी लेखपाल बनाये गये और कितने नये लेखपाल रखे गये?

श्री चरणसिंह—गाजीपुर जिले की तहसील मुहम्मदाबाद में २० पटवारी लेखपाल बनाये गये तथा ७८ नये रखे गये।

अतारांकित प्रश्न

१--श्री चन्द्रसिंह रावत (जिला गढ़वाल)--[१० मई, १९५४ के लिये स्थगित किया गया।]

२--श्री गुप्तार सिंह (जिला रायबरेली)--[वापस लिया गया।]

श्री राजनारायण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सूचना

श्री नारायणदत्त तिवारी (जिला नैनीताल)--श्रीमन् जो नियम ७ है उसके अनुसार मैं एक मोशन करना चाहता हूं...

श्री अध्यक्ष--अभी मुझे कुछ सूचना देनी है।

श्री नारायणदत्त तिवारी--यह जो कामरोको प्रस्ताव है उसके सम्बन्ध में ही यह मेरा प्रस्ताव है कि उसको नियम ७ के अनुसार ससपेन्ड कर दिया जाय।

श्री अध्यक्ष--अभी मुझे सूचना देनी है तब आप इसको कर सकते हैं।

(कुछ ठहर कर)

मेरे पास जिला मैजिस्ट्रेट कानपुर ने यह सूचना तार द्वारा भेजी है कि कल श्री राजनारायण सिंह, सदस्य विधान सभा को निर्वाचन में कथित अनियमित व्यवहार के कारण रिप्रिजेन्टेशन आफ प्यूपुल्स ऐक्ट की धारा १३१ के अन्तर्गत, पुलिस के एक सिपाही को उसके कर्तव्यपालन से रोकने के लिये चोट पहुंचाने पर भारत दंड विधान की धारा ३३२ के अन्तर्गत तथा उन्हें काग्निजिबिल अपराध करने से रोकने के लिये क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा १५१ के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। विवरण पत्र द्वारा भेजा जा रहा है।

जो आज उनका पत्र आया है वह इस प्रकार है :--

FROM

THE DISTRICT MAGISTRATE,
KANPUR

TO

THE SPEAKER,
U. P. LEGISLATIVE ASSEMBLY,
LUCKNOW.

No. 541-B/54, Dated 25-4-1954

SIR,

With reference to my Express telegram dated the 25th April, 1954, communicating to you the arrest of Sri Raj Narain Singh, M. L. A. I have the honour to say that it is alleged that Sri Raj Narain Singh, M. L. A. was responsible for several incidents in the forenoon at several polling stations, which would have led to a serious breach of the peace if the police had not intervened in time and restored order. At about 11-45 A. M. Sri Raj Narain Singh went to a polling Station near Darshanpurwa after the alleged incident in which the Socialists beat about four congress workers and some socialists had to be arrested. Sri Raj Narain Singh and his followers acted in a disorderly manner at the Polling Station. Two constables told them to desist

[श्री अध्यक्ष]

from doing so. It is alleged Sri Raj Narain Singh and others beat the two constables with canes in order to deter them from discharging their duty. Sri Raj Narain Singh and his companions were eventually arresgted and taen to the Police Station under section 131 Representation of the People Act 332 I. P. C. and 151 Cr. P. C. A case under section 188 I. P. C. has also been registered against him as he was carrying cane in defiance of the prohibitory orders under section 144 Cr. P. C. He has been sent to the District Jail, Kanpur, where he has been accorded superior class treatment.

Yours faithfully,
(Sd.) D. S. RATHOR,
District Magistrate,

इसका अर्थ यह है कि जिन दफाओं के अन्तर्गत उनको गिरफ्तार किया गया है वह इस प्रकार हैं। १३१ दफा रिप्रिजेन्टेशन आफ प्यूपुल्स ऐक्ट, ३३२ इंडियन पैनल कोड, १५१ क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और उसके बाद उनके ऊपर एक केस १८८ दफा इंडियन पैनाल कोड के अन्तर्गत चलाया गया है। उनको कानपुर की जेल में रखा गया है और सुपीरियर क्लास का व्यवहार उनके साथ होता है।

श्री मदनमोहन उपाध्याय (जिला अल्मोड़ा)---श्रीमन्, कानपुर के जिला मेजिस्ट्रेट ने जो गलत खबर इस सदन को भेजी है...

श्री अध्यक्ष---अभी इस वक्त यह प्रस्ताव नहीं हो सकता और न उस पर बहस हो सकती है। मेरा काम सूचना देना था वह मैंने दे दी। उस सम्बन्ध में मेरे पास काम रोकने के प्रस्ताव मौजूद हैं।

श्री मदनमोहन उपाध्याय---मैं इस पर विशेषाधिकार का प्रश्न उठाना चाहता हूं। इसलिये कहीं देर न हो जाय और कल को यह न कहा जाय कि इस वक्त यह प्रश्न नहीं आ सकता, इसलिये मैंने इन दो आम बातों को इस समय कहा। मैं सदन को यह सूचित करना चाहता हूं कि जिला मैजिस्ट्रेट कानपुर ने जो यह गलत खबर इस सदन को दी है इसके लिये मैं जिला मैजिस्ट्रेट कानपुर के खिलाफ विशेषाधिकार का प्रश्न उठाना चाहता हूं।

कानपुर से लोक सभा के उपचुनाव के समय पुलिस के व्यवहार के सम्बन्ध में कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना

श्री अध्यक्ष---कामरेडों प्रस्ताव इस प्रकार है :---

"कानपुर में होने वाले २५ अप्रैल को कानपुर केन्द्रीय चुनाव क्षेत्र से लोक सभा के उपचुनाव के सम्बन्ध में सार्वजनिक महत्व के आवश्यक मामले---उदाहरणार्थ, कानपुर की पुलिस का कार्य, जिसमें बिना किसी लिहाज के लाठी चार्ज, अधिक संख्या में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियां तथा प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के चुनाव कैम्पों को कई स्थानों पर गैर-कानूनी तौर पर हटाया जाना, जिससे कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव असम्भव हो गया और जो कि प्रजातंत्र की जड़ पर ही कुठाराघात करता है, पर वादविवाद करने के लिये विधान सभा आज का अपना कार्य स्थगित करती है।"

(श्री नारायणदत्त तिवारी से) अब आप इसके सम्बन्ध में क्या कहते हैं ?

श्री नारायणदत्त तिवारी (जिला नैनीताल)---श्रीमन्, मैं आपका ध्यान नियम १७३ के उपनियम (७) की ओर दिलाना चाहता हूं जिसके अनुसार आप किसी नियम को सस्पेंड

कर सकते हैं। नियम ७० जो कि ऐडजर्नमेंट मोशन के बारे में है, उसमें लिखा हुआ है कि एक डेफिनिट बात होनी चाहिये लेकिन जो मोशन रामनारायण जी त्रिपाठी ने रक्खा है उसमें दो तीन बातें आ गयी हैं, जो कि महत्वपूर्ण हैं और आज ही उठनी चाहिये। इसलिये इस बात की आवश्यकता को देखते हुए वहां की पुलिस के कार्यकर्ताओं ने लाठी प्रहार किया है....।

श्री अध्यक्ष—आप बहस न करें। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आप २२१ वें नियम के अनुसार ७०वें नियम को स्थगित कराना चाहते हैं?

श्री नारायणदत्त तिवारी—जी हां, ७० वें नियम के अनुसार एडजर्नमेंट मोशन को अलाऊ कर दिया जाय।

श्री अध्यक्ष—यह प्रश्न नहीं उठता। कामरोको प्रस्ताव के लिये पहले नियम यह है कि मैं उसको मंजूर कर लूं। उसके लिये नियम ६८ है। पहले जब मैं यह अनुमति दूं कि यह इन आर्डर है तभी उस नियम को स्थगित करने का प्रश्न उठ सकता है। मैं इसकी अनुमति नहीं देता, क्योंकि एक तो यह रोजाना के काम के बारे में है, दूसरा इसके बारे में इलेक्शन पिटीशन भी हो सकती है। अगर कोई चीज अवैध हो गई है, तो रिप्रेजेन्टेशन आफ पीपुल्स ऐक्ट के मातहत कार्यवाही की जा सकती है। इन विषयों में जो कानूनी कार्यवाही अदालत में होगी उस पर भी इसका असर पड़ सकता है तथा इलेक्शन पिटीशन की कार्यवाही पर भी सदन के विवाद का असर पड़ सकता है, इसलिये मैं उसके पेश होने की इजाजत नहीं देता।

श्री रामनारायण त्रिपाठी (जिला फैजाबाद)—श्रीमन्, जो ज्यादती इस चुनाव में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी पर हुई, सरकार की पुलिस ने जिस प्रकार हमें अपने अधिकारों से वंचित रक्खा उसके बारे में हमें आपसे आशा थी कि सुरक्षा मिलेगी, लेकिन इस कामरोको प्रस्ताव के अस्वीकृत हो जाने से वह भी समाप्त हो गयी। अतः उसके विरोधस्वरूप हम इस सदन का त्याग करते हैं।

(प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य सदन से बाहर चले गये।)

उत्तर प्रदेश पंचायत (पदावधि) अनुपूरक विधेयक, १९५४

श्री अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (पदावधि) (अनुपूरक) विधेयक, १९५४ पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी ४ मार्च, १९५४ की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी ११ मार्च, १९५४ की बैठक में पारित किया था, श्री राज्यपाल की अनुमति २३ मार्च, १९५४ को प्राप्त हो गयी और वह उत्तर प्रदेश का १९५४ का छठां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी (टेंपोरेरी पावर्स आफ कंट्रोल) (संशोधन) विधेयक, १९५४

श्री अध्यक्ष—माननीय वित्त मंत्री जी को एक विधेयक पुरःस्थापित करना है, लेकिन इस विधेयक की प्रतियां अभी मेरे पास आयी हैं, वे बंट नहीं पायी हैं। इसलिये मैं समझता हूं कि थोड़े समय के बाद वे उसको पेश कर देंगे। मैं समझता हूं कि वे दोपहर के बाद उसको पेश कर दें।

*रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४

न्याय मंत्री (श्री सैयद अली जहीर)--माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४ पर जैसा कि वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा पारित हुआ है, विचार किया जाय।

अध्यक्ष महोदय, जिस माननीय सदस्य ने इस विधेयक के स्टेटमेंट आफ आबजेक्ट्स ऐंड रीजन्स को पढ़ा होगा उनको मालूम हो गया होगा कि किस गरज से यह एक दफा का विधेयक पेश किया जा रहा है। रियासत रामपुर में कब्ल इसके कि वह उत्तर प्रदेश में शामिल हो, दो कानून उस वक्त वहां पर लागू थे। एक का नाम था कानून इन्दराज निकाह अहले इस्लाम और दूसरे का नाम था कानून इन्दराज विवाह अहले हिनूद। एक सन् १९४१ का था और एक सन् १९४५ का था। इस वजह से वह कानून वहां पर था कि उसमें लिखा गया है कि जो शादी हो उसका इन्दराज कराना या रजिस्ट्री कराना जरूरी है। जो वारिस हो, शौहर का बाप हो या दूसरा कोई वारिस हो उसका यह फर्ज है कि वह रियासत रामपुर में शादी की रजिस्ट्री करावे या उसका इन्दराज करावे। उसके साथ ही साथ यह भी है कि अगर इन्दराज न किया जाय तो कानून इन्दराज विवाह अहले हिनूद में उसके लिये ५० रु० जुर्माना है और कानून इन्दराज निकाह अहले इस्लाम में खिलाफवर्जी करने पर १०० रु० जुर्माना है। इस तरह का कानून वहां पर बना हुआ है। जाहिर है कि किसी ऐसे कानून का, जब कि रामपुर रियासत उत्तर प्रदेश में शामिल है, बाकी रखना कोई माने नहीं होता है। अगर इस तरह का कोई कानून बाकी रखा जाय तो उसके मानी यह होंगे कि वहां पर अगर कोई मुहकमा कायम किया जाय और जो रजिस्ट्रेशन हो उसके लिये अलग आफिसर मुकर्रर हों। जब कि ऐसा कानून दूसरे सूबों में और जगह नहीं है तो यह किसी तरह से भी मुनासिब चीज नहीं होगी। चुनांचे इन सब बातों पर गौर करके यह तय पाया कि इस कानून को रियासत रामपुर से मंसूख कर दिया जाय और आयन्दा अगर किसी जमाने में, किसी वक्त यहां के सदस्यों को या जनता को यह महसूस हो कि इस किस्म का कानून होना चाहिये तो पूरे सूबे के लिये ऐसा कानून बना सकेंगे, लेकिन सरेदस्त एक मखसूस जिले में इस किस्म का कानून बाकी रखना कोई माने नहीं रखता है। यह कानून जो आपके सामने पेश है मुझे यकीन है कि माननीय सदस्यों को फौरन मालूम हो जायगा कि इसमें कोई खास उसूली बात नहीं है, इसमें कोई इस किस्म की बात नहीं है जो नामुनासिब समझी जाय। बल्कि यह एक निहायत मौजूं और मुनासिब बात होगी और आप इसे मंजूर करेंगे।

महाराजकुमार बालेन्दु शाह (जिला टेहरी-गढ़वाल)--अध्यक्ष महोदय, जो विधेयक माननीय न्याय मंत्री जी ने सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया है उसका मैं समर्थन करता हूं। इस सम्बन्ध में कुछ अधिक कहना आवश्यक भी नहीं है किन्तु इससे एक प्रश्न उठता है जिसकी ओर मैं माननीय न्याय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस विधेयक द्वारा जैसा कि रामपुर रियासत के इस कानून को खत्म किया जा रहा है या उसको बन्द किया जा रहा है उसी तरह के कई कानून भूत पूर्व टेहरी-गढ़वाल, रामपुर व बनारस की रियासतों में भी मौजूद हैं जिनका इस उत्तर प्रदेश के कानूनों के साथ एडाप्ट करना आवश्यक है। मैं चाहता हूं कि हमारे माननीय न्याय मंत्री जी इस ओर ध्यान दें कि टेहरी-गढ़वाल जिले में कई कानून ऐसे प्रचलित हैं, लीगली तौर पर नहीं, तो कस्टमरी तौर पर अब भी प्रचलित हैं जिनमें कई प्रकार की लेकुना है।

---

*१९ अप्रैल, १९५४ की कार्यवाही में छपा है।

जिनको यदि कानूनी दृष्टि से देखा जाय तो वह इस प्रदेश के कानून से कन्ट्रेडिक्टरी है। माननीय मंत्री महोदय ने जो एक शब्द कहा उसके विषय में मैं अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। माननीय न्याय मंत्री जी ने अन्त में अपने विचार प्रकट किये कि यह एक असंगत सी बात होगी कि एक जिले में एक कानून पाया जाय और वह दूसरे जिलों में जो प्रदेश के हैं न पाया जाय। मैं समझता हूं कि अगर उनका ऐसा ख्याल है तो यह एक गलत विचाराधारा है। जहां ५१ जिलों की बात है और जहां यह प्रदेश इतना फैला हुआ है वहां यह भी स्वाभाविक बात होगी कि प्रदेश के एक किनारे में एक विशेष परिस्थिति पाई जाय और दूसरे किनारे पर दूसरी परिस्थिति पाई जाय और संभव है कि दूसरे कोने में वह परिस्थिति न हो इसलिये पूरे सूबे में कानून का एक यूनीफार्म पैटर्न कायम करना एक गलत भावना होगी और न शायद न्याय मंत्री जी का ही ऐसा विचार होगा और शायद मैं ही गलत समझा होऊं। इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री अध्यक्ष—(श्री नागेश्वर द्विवेदी से) आप का संशोधन अवैध है क्योंकि यह तो निरस्त करता है। जब खंड २ के अनुसार "हुनूद" शब्द ही खत्म होने वाला है तो उसमें परिवर्तन करने से ही क्या लाभ होगा। इसलिये यह अवैध मालूम होता है।

श्री मुहम्मद शाहिद फाखरी (जिला गोंडा)—जनाब अध्यक्ष महोदय, रामपुर में निकाह और विवाह के मुताल्लिक यह एक कानून चला आता था, जिसके एतबार से वहां इस ताल्लुक को रजिस्टर कराना पड़ता था और वहां एक सबूत रहता था। मैं आनरबिल मिनिस्टर आफ जस्टिस की इस राय से मुत्तफ़िक़ हूं कि तमाम सूबे में यकसां उसूल और अंदाज होना चाहिये लेकिन बदकिस्मती से हम अभी इस में कामयाब नहीं हुये हैं, तमाम सूबे में बाकायदगी के साथ इंदराज निकाह और इंदराज विवाह करा सकें। बजाय इसके कि इसको तंसीख करने का या खत्म करने का कानून लाया जाता मेरी तो ख्वाहिश यह थी कि वजीर इंसाफ ऐसा कानून हाउस में पेश करते कि यह इंदराज कानून पूरे सूबे में बढ़कर लागू हो जाता। इस वक्त इसको खत्म करने से यह दिक्कत महसूस हो रही है कि अब तक अकसर ऐसे मामलात आते थे कि जिन में निकाह या शादी होने का सबूत मश्किल से मिलता था। इससे यह फायदा था कि इस किस्म का सबूत पहुंचाने में जरा बराबर दिक्कत महसूस नहीं होती थी और आसानी से सबूत दे सकते थे। बेहतर हो कि वजीर साहब इसको अभी न लायें और एक तफसीली बिल पूरे यू० पी० के लिये लावें वरना जो दिक्कत रामपुर में खत्म हो चुकी थी वह वहां और बाहर सब में पड़ने लगेगी। इसलिये ऐसा बिल लाया जाता तो इसी की तंसीख के साथ पूरे सूबे पर हावी होता। इसके साथ जब वहां यह बिल पेश हो रहा है और इस तरमीम के साथ पुराने कानून को खत्म किया जा रहा है तो मैं समझता हूं कि वजीर इंसाफ इस बात पर गौर फरमायेंगे कि क्या सूरत हो जो ज्यादा से ज्यादा इसके सबूत के बहम पहुंचाने में आसानी पैदा कर सकें। आज इस मौके पर मैं उनका ध्यान इस ओर रागिब करना चाहता हूं और उनकी तवज्जह इस ओर लाना चाहता हूं कि अगर इसके खत्म करने में आपको इसरार है कि चूंकि एक छोटी जगह पर एक चीज मौजूद है और बड़ी जगह पर नहीं है इसलिये उस चीज को खत्म होना चाहिये, जाती तौर पर मैं उससे मुत्तफिक न हो सकूं और न ही मुत्तफिक हूं, आज जबकि हजारों दिक्कतें मौजूद हैं। हमारे लिये दिक्कत होती है क्योंकि गरीब सूबे के रहने वालों का हजारों रुपया मामूली मुकदमें में खर्च करके भी कागजी सबूत नहीं मिलता जिसका नतीजा यह होता है कि झूठी गवाही हमको देनी पड़ती है। ऐसी सूरत में अगर एक आसानी मौजूद थी उसे वजीर इंसाफ रोकें और उसे खत्म न करें तो उनका बड़ा अहसान होगा। अगर वह खत्म ही करना चाहते हैं तो कमसे कम इतनी अर्ज मेरी ध्यान में रक्खें कि जहां जहां हमने दरख्वास्तें दी हैं, जहां तक मुसलमानों का ताल्लुक है, इस दिक्कत से बचने के लिये कि रजिस्टर हो जिससे यह मालूम हो सके कि वाकई निकाह हुआ है या नहीं हुआ है, उसपर गौर फरमायें। मजहबी तौर पर हमारे यहां निकाह पढ़ाने वाले काजी मुकर्रर हैं और हिन्दुओं में भी ऐसे मुकर्रर होंगे। अगर हम हिन्दू मुसलमान हर तबके के लोग दरख्वास्त करें कि रजिस्टर नहीं होता है निकाह, इसलिये हमें बड़ी दिक्कत

[श्री मुहम्मद शाहिद फाखरी]

होती है। इसलिये कम से कम एक रजिस्टर पर इन्दराज हो सके तो मैं जवाबवाला आपके जरिये यह अर्ज करूंगा कि वजीर साहब उसे कबूल फरमावें। हमें इसमें कोई इख्तिलाफ नहीं है कि यह आसानी से पास हो जाय। लेकिन इसके पास होने से जो दिक्कतें आयेंगी उनकी तरफ तवज्जह दिलाता हूं।

दूसरा वादा हम यह चाहते हैं कि कुल्लियतन सूबे के अन्दर इस दिक्कत को रफा करने के लिये कौन से कड़ी कदम उठाये गये। हम ऐसा वादा चाहते हैं जो वजीर इंसाफ साहब को पाबन्द कर दे कि महीने दो महीने या आइन्दा नशिस्त जो होने वाली है उसमें एक छोटा सा बिल ले आयें जिसमें इन्दराज का हल्के से हलका कोई ऐसा वसूल रख दें जिसमें निकाह या विवाह जो हो उनका रजिस्ट्रेशन हो जाये और वह इंदराज अदालत में काफी समझा जाये। मैं इस मौके पर बतलाऊं कि रामपुर स्टेट ने इस दिक्कत को हल कर लिया था, लेकिन आज मुझे कोई दिक्कत नहीं मालूम होती जिस की वजह से वजीरे इंसाफ साहब इसकी तनसीख पर इसरार कर रहे हैं। अगर वह इजाजत दें तो मशविरा भी हो जाये। और हम एक प्राइवेट बिल भी ले आयें जिससे काजी की तकर्रुरी भी हो सकें और निकाह पढ़ाने वाले को नामजद भी कर सकें। इसमें गवर्नमेंट कोई मदाखलत न करे। इसके लिये हम तैयार हैं कि जल्द से जल्द वह ऐवान के सामने ऐसा बिल लावें और इसी साल के अन्दर वह ऐसा बिल इस ऐवान के सामने ला सकेंगे। अब इस वक्त इस बिल को इस तरमीम पर गौर करने से अगर वह इस बिल को वापिस ले लें और कुछ दिनों के बाद हमको मौका दें कि हम एक नये अन्दाज से यहां बिल लावें तो उससे हमारे यहां की रहने वाली कई करोड़ की आबादी, पूरी कौम की कौम इसमें हिन्दू मुसलिम सिक्ख ईसाई मौजूद हैं, सभी आप के शुक्रगुजार होंगे।

मैं फिर दुबारा अर्ज करना चाहता हूं कि रामपुर जिले के अन्दर जो आजतक रस्म रिवाज जारी हैं उनमें बड़ी दिक्कत हो जायेगी और जो इन्दराज करा चुके हैं उनकी क्या हैसियत बाकी रहेगी। इसलिये मेरी अर्ज है कि रामपुर के रहने वालों की दिक्कतों पर वजीर साहब गौर फरमा लें और इसके बाद जैसा आपका मंशा हो वैसा करें। आखिर में मैं यह अर्ज करके बैठ जाऊंगा कि वजीर साहब अगर इसी पर इसरार करें तो कम से कम इस हाउस में हमसे एक जाब्ते का वादा तो कर लें। हम दरख्वास्त लेकर आपकी खिदमत में हाजिर हो जायें। हजारों आदमियों ने कानपुर में दरख्वास्तें दीं और इलाहाबाद से दरख्वास्तें आने वाली हैं कि हम काजी आदमी को अपने शहर में निकाह पढ़ाने के लिये मुकर्रर करना चाहते हैं आप उसको नामजद करें इतना आप वादा कर लें तो किसी तौर पर हम जल्द से जल्द दूसरे बिल को इस हाउस के सामने लायेंगे। अगर गवर्नमेंट ही ऐसा बिल ले आये तो उसके पास होने में बड़ी आसानी पड़ेगी। अगर सैयद अली जहीर साहब ऐसा कोई बिल इस हाउस के सामने लाने वाले हों तो हम लोग उनको मुबारकबाद देंगे और खुश होंगे और एक बड़ी उलझन में जो हम लोग पड़ गये हैं उससे बच सकेंगे। मैं एतराज की नियत से कुछ नहीं कह रहा हूं बल्कि बड़े अदब के साथ, जितना ज्यादा से ज्यादा अदब हो सकता है, गुजारिश करता हूं कि वह अपने जवाब में नहीं न कह देंगे जैसे कि हम लोगों को जवाब मिलने की आदत हो जाती है, बल्कि अगर हां के साथ जवाब फरमा देंगे तो हमें इतमीनान हो जायेगा।

श्री कृष्णशरण आर्य (जिला रामपुर)—माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसे कि माननीय शाहिद फाखरी साहब ने अभी इस विधेयक के संबंध में अपने विचार प्रकट किये कि इस विधेयक के पास होने से रामपुर के रहने वालों को जो एक सुविधा हासिल थी वह जाती रहेगी, यह ठीक है कि एक रिवाजी सुविधा जो वहां के लोगों को हासिल थी उसके जाने से लोगों को जहनी और अमली तकलीफ जरूर कुछ होगी। लेकिन विवाहों के संबंध में मुस्लिम रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, १९४१ और हिन्दू रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, सन् १९४५ रामपुर में जो लागू थे उनके संबंध में यह समझने के बाद कि किन हालतों में यह दोनों कानून बनाये गये थे, सदन के लिये इस प्रश्न पर विचार करना

ठीक होगा। आज जब कि सेक्यूलर सिद्धांत पर हमारी शासन प्रणाली चल रही है तब मुनासिब यही है कि सारे सूबे के लिये एक से नियम हों। मुस्लिम निकाहों के संबंध में जो कानून सन् ४१ का है वह उस वक्त बना था जब कि तलाक वगैरा के बहुत से मुकदमे मुसलमानों के आया करते थे और उनमें यह साबित करने में कठिनाई होती थी कि शादी हुई या नहीं हुई। इसी तरह सन् ४५ में एक हिन्दू शादी के सिलसिले में ऐसा केस अदालत में आया जिसमें लड़की वालों ने लड़के से संबंध तोड़ लिया था, जिसकी कि कोई खास वजह थी। उसके बाद मुकदमा अदालत में गया और वहां पंडितों, बारातियों और दूसरे लोगों की गवाहियां होने के बाद भी यह फैसला नहीं हो सका कि उन दोनों का विवाह हुआ था या नहीं। इस पर जो वहां की कौंसिल थी उसने हिन्दुओं के लिये यह कानून बनाया। लेकिन जो मुसलमानों का कानून था वह तो अबतक प्रचलित है और उसपर अमल होता है जबकि हिन्दुओं का जो कानून है, जहां तक मुझे याद है वह एक मरतबा भी अमल में नहीं आया, सिर्फ बन अवश्य गया। आज जबकि हम सेक्युलर प्रणाली का शासन चला रहे हैं, तब स्टेट के किसी भी हिस्से में किसी एक सम्प्रदाय के लिये एक कानून हो और दूसरों के लिये न हो तो यह सेक्युलेरिज्म के सिद्धांत के अनुकूल नहीं है। इसके अतिरिक्त जैसा कि माननीय न्याय मंत्री जी ने बतलाया इन दोनों कानूनों में अन्तर भी है। जो मुसलमानों की शादियों के संबंध में कानून है उसकी खिलाफवरजी करने वाले पर सौ रुपया जुर्माना है और जो हिन्दू विवाहों के रजिस्ट्रेशन का कानून है उसकी खिलाफवरजी करने वाले पर ५० रुपये का जुर्माना है। यह अन्तर भी आजकल के लिहाज से ठीक नहीं है।

दूसरे माननीय न्याय मंत्री जी ने कहा कि अगर इसको अब भी जारी रखा जाय तो इसके लिये एक नया मुहकमा खोलना पड़ेगा। ऐसा नहीं है। वहां पर जो इसका तरीका है वह यह है कि जब मुस्लिम विवाह होता है तो निकाह पढ़ने वाला दो रुपये या ढाई रुपये फीस की वसूल करते हैं उसी फीस से शहर काजी जो इंचार्ज होता है उसका और निकाह पढ़ाने वाले का और पूरे मुहकमे का काम चलता है, कोई उसके लिये अलग बजट न गवर्नमेंट को बनाना पड़ता था और न आज बनाने की जरूरत है। लेकिन इस बात के होते हुये भी अगर एक कानून जो केवल एक सम्प्रदाय और एक विशेष धर्म से ताल्लुक रखता है चलता रहे तो यह सेक्युलेरिज्म के सिद्धांत के अनुकूल नहीं होगा। इस विचार से माननीय न्याय मंत्री जी ने जो यह विधेयक प्रस्तुत किया है इसका मैं समर्थन करता हूं और जैसा कि माननीय शाहिद फाखरी जी ने कहा कि अगर कचहरियों की दिक्कतों को बचाने के लिये यहां के तमाम लोगों के लिये चाहे वह किसी धर्म या सम्प्रदाय के हों, विवाहों के अधिकृत रिकार्ड के संबंध में कोई नया कानून लाया जा सके तो जो एक तरीका रामपुर ने जारी किया था उससे सारे सूबे के लोगों को फायदा पहुंच सकता है और यह जनता के लिये सुविधा की बात होगी।

श्री शिवनारायण (जिला बस्ती)—अध्यक्ष महोदय, यह जो कानून माननीय न्याय मंत्री जी ने उपस्थित किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं और उनको बधाई देता हूं क्योंकि यह एक बहुत बड़ा प्रश्न हमारे सामने है। धर्म की बात में हमारी सरकार को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। इस बात में हमारे देश में और हमारे विधान में पूर्ण स्वतंत्रता है। इसलिये सरकार रिलीजस मामलों में जितनी दूर रहे उतना ही अच्छा है। मैं समझता हूं कि न्याय मंत्री जी ने यह बहुत ही उत्तम किया है। आज जहां तहां भी यानी सब जगह सरकार की नुक्ताचीनी होती है कि सरकार हर मामले में दखल देती है। इसलिये सरकार धार्मिक मामलों में जितनी दूर रहे उतना ही उत्तम है।

इंगलैंड में जहां डैमोक्रेटिक ढंग पर गवर्नमेंट चलती है वहां पर गवर्नमेंट वीक है और पब्लिक शक्तिशाली है। लेकिन हमारे यहां बरअक्स पब्लिक कमजोर है और सरकार शक्तिशाली है। इसलिये जनता को चाहिये कि वह डैमोक्रेसी की कीमत को जाने और शक्तिशाली बने और सरकार इस मामले में दखल न दे। जैसे कि सरकार ने पंचायत राज ऐक्ट लागू किया है और पंचायतें बनाई हैं। आज सरकार उनमें दखल नहीं दे रही है, उनके मामले में हस्तक्षेप नहीं

[श्री शिव नारायण]

कर रही है। आज हम कचहरी में जाने से किसानों को बचाना चाहते हैं क्योंकि आज कल अदालतों में बड़ी परेशानी होती है। एक मामूली खेत का मुकद्दमा चलता है और उसमें किसान परेशान हो जाता है। अगर शादी विवाह भी अदालतों के जरिये होने लगें और हर मामले अदालत में जाने लगें तो किसान बिचारा अदालत से ऊब जायगा और वह उसके बोझ से दब जायगा।

मैं मंत्री महोदय को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने पब्लिक को अपनी डेमोक्रेटिक सत्ता को अहसास करने का मौका दिया और रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज का मामला धार्मिक है और इसमें सरकार को दखल नहीं देना चाहिये हर तबके के लोग अपने धर्म के अनुसार करें और न कोई पंडित ही रजिस्टर्ड होता है और हरिजन लोग तो स्वयं विवाह कर लेते हैं किसी पंडित वगैरा को भी नहीं बुलाते हैं। (एक आवाज--ऐसा ब्याह नाजायज होता है।) जायज होता है, नाजायज कहां होता है? यह तो दिल पटे का सौदा है। मुनासिब बात है। धर्म की बात है। अगर इसमें सरकार दखल न दे तो ज्यादा अच्छा है। सरकार ने जो कानून पेश किया है वह ठीक किया है जैसे कि एक कहावत है कि मैजारिटी मस्ट बी ग्रांटेड। यह चीज सूबे में और कहीं नहीं है सिवाय रामपुर में ही है। सरकार ने मुनासिब किया है। मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री जयेन्द्र सिंह बिष्ट (जिला टेहरी-गढ़वाल) --अध्यक्ष महोदय, रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज विधेयक जो सदन में प्रस्तुत है उसके संबंध में रामपुर में क्या व्यवस्था है, मुझे जानकारी नहीं है। लेकिन जैसा कि श्री शिवनारायण जी ने कहा है कि सरकार को दखल नहीं देना चाहिये, मैं इसको समझ नहीं सका कि इसमें धार्मिक मामला क्या है क्योंकि विवाह शादी तो हर जाति और वर्ग में होती है। आज उनके रजिस्ट्रेशन से कोई नुकसान नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मुझे आपत्ति है जैसा कि माननीय मंत्री जी ने कहा है कि सारे जिलों में एक सा कानून होना चाहिये। इसी गरज से आप रामपुर के कानून रद्द करने जा रहे हैं। श्रीमन्, इससे मुझे मालूम होता है कि माननीय मंत्री जी को पूरे सूबे की जानकारी नहीं है।

हम बतलाते हैं कि हमारे जिले में पुनर्विवाह रजिस्ट्रेशन ऐक्ट है वह लाभदायक है और हमें भय है कि कहीं मंत्री जी इसी तरह से इसको भी खत्म न कर दें। हमने तो माननीय मंत्री जी के पास और सरकार के पास जाकर यह कोशिश की थी कि यह जो ऐक्ट हमारे यहां लागू है उसके अनुसार अभी तक रजिस्ट्रार कायम नहीं किये गये हैं। वह रजिस्ट्रार कायम किये जायं। लेकिन दो साल हो गये हैं वह रजिस्ट्रार कायम नहीं किये गये हैं। नतीजा यह है कि कानून लागू है, लेकिन प्रैक्टिकल शेप में नहीं। तो यह बात कहना कि सारे सूबे में एक परिस्थिति है, एक कानून लागू किया जाय, यह न्यायसंगत नहीं है। इसीलिये हम लोग यह सोच रहे हैं कि सरकार के ध्यान में तमाम जिलों की जानकारी नहीं है। हमारे जिले में डाइवोर्स ऐक्ट भी लागू है और जब डाइवोर्स ऐक्ट लागू रहता है तो स्वाभाविक है और जबकि भारतीय सरकार भी डाइवोर्स ऐक्ट पास करने का विचार कर रही है, तो ऐसी हालत में रिमैरेज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट का होना बहुत जरूरी है। तो आवश्यकता इस बात की है कि सारे सूबे में एक प्रकार का कानून ऐसा लाया जाय जिसमें जितनी भी मैरिजेज हैं वह रजिस्टर की जायं। हमारे हिन्दू धर्म में हिन्दू संस्कृति के लिहाज से यह हो जाता है कि उच्च वर्ण का व्यक्ति निम्न श्रेणी की लड़की से शादी करता हुआ जायज माना जाता है, लेकिन अगर निम्न श्रेणी वाला उच्च श्रेणी की लड़की से शादी करता है तो हिन्दू ला के मुताबिक नाजायज शादी समझी जाती है। तो इस बात की आवश्यकता है कि, जैसा कि माननीय शिव नारायण जी कहते हैं, अगर जाति पांति को तोड़ना है, अगर इंटरकास्ट मैरेज को लाना है, इस वर्ण व्यवस्था को तोड़ना है तो रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज होना चाहिये ताकि जिस व्यक्ति से भी जो शादी करना चाहे तो वह अपनी शादी का प्रमाण-पत्र पेश करे और इससे सामाजिक बंधनों और सामाजिक रीतियों से जो विवाह जायज और नाजायज माने जाते हैं वह न हो कर सारे उत्तर प्रदेश में एक प्रकार का कानून बनाया जाय, जिसमें रजिस्ट्रेशन आप्शनल कर दिया जाय।

इस बात को मानता हूं कि इसमें पेनल्टी न रखी जाय। अगर कोई रजिस्टर्ड न कराये तो उसके लिये फाइन न हो, लेकिन रजिस्ट्रेशन विभाग में जो चाहे अपनी शादी को रजिस्टर्ड करा सके, इसका प्रावीजन होना चाहिये। मैं समझता हूं कि प्रत्येक जिले में जो परिस्थिति है, उनके कस्टम्स और रीति रिवाजों के अनुसार कानून में संशोधन करना चाहिये। और अगर नहीं तो एक व्यापक कानून लाया जाय जिसमें सभी जिलों की परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था हो और उनका समन्वय हो। इसीलिये मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान फिर दिलाता हूं कि हमारे यहां जो पुनर्विवाह का रजिस्ट्रेशन ऐक्ट है उसको न तोड़ा जाय, बल्कि जो उसके लिये रजिस्ट्रार कायम नहीं किये गये हैं उनको नियुक्त कर दिया जाय ताकि वहां सुविधा हो जाय।

विवाहों का रजिस्ट्रेशन न होने से कुछ फौजदारी के क्रिमिनल्स मामले किडनेपिंग, एंटिसिंग, दफा ४९४, ४९७, ४९८ के मुकदमे होते हैं, इनमें लीगल मैरेजेज साबित होने पर ही क्रिमिनल को सजा मिल सकती है और उसकी सही एवीडेंस तभी हो सकती है जबकि मैरेजेज रजिस्टर्ड हों। इसलिये मैं प्रार्थना करूंगा कि मंत्री महोदय इनकी ओर ध्यान अवश्य दें।

श्री सैयद अली जहीर—इस बिल के सिलसिले में दो ही तीन बातें कही गयी हैं, जिसके मुताल्लिक मुझे कुछ इस सदन के सामने अर्ज करना है।

माननीय बालेन्दुशाह ने इस सिलसिले में यह कहा कि यह कानून ही नहीं बल्कि और दो कानून टेहरी-गढ़वाल और बनारस स्टेट के भी हैं जो हमारे कानून के मुताबिक नहीं है और वह अभी तक लागू है। बहरहाल, जहां तक कि ला डिपार्टमेंट का ताल्लुक है, हमको कोई इत्तला इस किस्म के कानून का नहीं है। लेकिन अगर हमें कोई ऐसी इत्तिला देंगे कि किसी और स्टेट में भी इस किस्म के मुख्तलिफ कानून लागू हैं जो सूबे के और कानूनों से मुख्तलिफ है तो हम कार्यवाही करने के लिये तैयार हैं और कार्यवाही करेंगे। बहरहाल, यह एक ऐसी चीज है जिसका कोई ताल्लुक खास इस मखसूस बिल के साथ नहीं है।

उसके बाद माननीय सदस्य फाखरी साहब ने यह कहा कि यह तो बहुत अच्छा कानून है और बजाय इसके कि इसको रद्द किया जाय ऐसा कानून तो सूबे भर के लिये आना चाहिये। मेरे ख्याल में अगर तमाम सूबे के लिये भी कानून आवेगा तो इसको तो रिपील करना ही जरूरी होगा तो हम इसको रिपील कर रहे हैं। अगर सूबे के लिये जरूरत है तो बजाय इसके कि गवर्नमेंट कोई इस किस्म का सोशल रिफार्म के लिये कानून ले आवे, बेहतर यह होगा कि कोई माननीय सदस्य जिनको दिलचस्पी हो, वह अगर कोई कानून पेश करना चाहें तो उसके ऊपर गौर किया जावेगा। अभी एक कानून इसी शादी वगैरह के मुताल्लिक और दहेज के मुताल्लिक आने वाला है। जो आखिरी नान-आफिशियल डे था उसमें वह पेश किया गया था। अगर उसी तरह से किसी और माननीय सदस्य में इतनी हिम्मत हो और इतना जोश हो कि उसके ऊपर वह वक्त सर्फ करके और मेहनत करके कोई कानून पेश करें जो कि हाउस को कबूल हो तो गवर्नमेंट ऐसे मामले में उनके रास्ते में हरगिज नहीं खड़ी होगी। आप्शनल रजिस्ट्रेशन या कोई ऐसा तरीका कि कहीं कोई काजी हों या कोई पंडित हों, वह अपना रजिस्टर रखें और उसके ऊपर जितने निकाह किये जायं या जितने विवाह किये जायं, लिखे जायं, तो इसमें न तो कोई एतराज रहा है और न हो सकता है। इस वक्त भी बाज बाज जगहों के ऊपर काजी और पंडित वगैरह अपना एक प्राइवेट रजिस्टर रखते हैं और उसमें जो इन्दराज होते हैं वह अदालतों में पेश होते हैं और अदालतें उनके ऊपर फैसला देती हैं। इसी तरह से अगर झगड़े होते हैं तो वह पंडित या काजी भी पेश होते हैं और उनके यहां कोई कागज होता है तो वह भी पेश किया जाता है, लेकिन उस तरह की कोई चीज कानून में नहीं है, क्योंकि उसके कानून में रखने के माने तो यह होंगे कि अगर इस तरह का कानून बन गया तो अगर कोई शादी रजिस्टर्ड न हुई तो फिर वह शादी, शादी ही न रह जायगी। ऐसी सूरत में उस पर गौर करना पड़ेगा कि कहां तक ऐसा कानून लाया जा सकता है और कहां तक ऐसा कानून लाना मुनासिब होगा। अगर इस किस्म का कानून कहीं और है जैसा कि माननीय सदस्य विष्ट जी ने अभी अपनी तकरीर में कहा तो उसकी भी इत्तिला हमको नहीं है।

[श्री सैयद अली जहीर]

अगर वह बतलावें तो उसका भी इलाज हो सकता है। रजिस्ट्रार के जहां तक तकर्रर करने का मामला है जाहिर है कि जब गवर्नमेंट वह कानून रामपुर में नहीं चाहती है तो वहां पर रजिस्ट्रार के मुकर्रर करने का तो कोई सवाल पैदा नहीं होता। इन अल्फाज के साथ मैं यह दरख्वास्त करूंगा कि यह बिल मंजूर किया जाय।

श्री अध्यक्ष---प्रश्न यह है कि रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४ पर, जैसा कि वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा पारित हुआ है, विचार किया जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

खंड १ तथा २

संक्षिप्त शीर्षनाम और प्रारम्भ।

१---(१) यह अधिनियम रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) अधिनियम, १९५४, कहलायेगा।

(२) यह तुरन्त प्रचलित होगा।

रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ़ मुस्लिम मैरिजेज ऐक्ट, १९४१ और रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ़ हिन्दू मैरिजेज ऐक्ट, १९४५, का निरसन।

२---क़ानून इन्दराज निकाह अहले इस्लाम रियासत रामपुर, १९४१ [The Rampur state registration of muslim marriages act, 1941] और कानून इन्दराज विवाह अहले हनूद रियासत रामपुर, १९४५ (The Rampur state registration of Hindu marriages act, 1945) एतद्द्वारा निरस्त (repeal) किये जाते हैं।

श्री अध्यक्ष---प्रश्न यह है कि खंड १ और २ इस विधेयक के अंग माने जायं।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

प्रस्तावना तथा शीर्षक

रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४

हिन्दू और मुस्लिम विवाहों से सम्बद्ध रामपुर स्टेट ऐक्टों को निरस्त करने का

विधेयक

हिन्दू और मुस्लिम विवाहों से सम्बद्ध रामपुर स्टेट ऐक्टों को निरस्त करना आवश्यक है।

अतएव निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है:---

श्री अध्यक्ष---प्रश्न यह है कि प्रस्तावना और शीर्षक इस विधेयक के अंग माने जायं।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

श्री सैयद अली जहीर---अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४, जैसा कि वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा पारित हुआ है, पारित किया जाय।

श्री अध्यक्ष---प्रश्न यह है कि रामपुर रजिस्ट्रेशन आफ मैरिजेज (निरसन) विधेयक, १९५४, जैसा कि वह उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा पारित हुआ है, पारित किया जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

†उत्तर प्रदेश सिविल लाज (सुधार तथा संशोधन) विधेयक, १९५

न्याय मंत्री (श्री सैयद अली जहीर)--अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि उत्तर प्रदेश सिविल लाज (सुधार तथा संशोधन) विधेयक, १९५३ पर, जैसा कि वह प्रवर समिति द्वारा संशोधित हुआ है, विचार किया जाय।

जैसा कि माननीय सदस्यों को मालूम होगा, एक जांच कमेटी हमारी सरकार ने बहुत अरसा हुआ बनाई थी, उसका जिक्र कई दफा हाउस में आ चुका है और उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट एक अरसा हुआ दे दी थी। बहरहाल उसके ऊपर गौर होता रहा। गौर होने के बाद यह कानून जो कि इस वक्त हाउस के सामने है, गवर्नमेंट ने पेश किया है ताकि उसके ऊपर अमलदरामद हो। इसके जरिये से एवीडेंस ऐक्ट, ट्रांस्फर आफ प्रापर्टी ऐक्ट, प्राविंशल स्माल काजेज कोर्ट ऐक्ट, वगैरह वगैरह जो कि पहले शेड्यूल में दर्ज हैं उनको तरमीम किया गया है। गरज उन तरमीमों को यह है कि जो जहमत और बिला वजह की ताखीर अदालती कार्यवाहियों में होता है उनको जहां तक हो सके कम किया जाय। अक्सर जो तरमीमें पेश की गयी हैं वह वही हैं जो कि वांचू कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में लिखी थीं और जिसके ऊपर इतने दिनों तक गौर होता रहा और जिनको ज्यादातर हाई कोर्ट बार असोसिएशंस ने मंजूर किया है। मेरा ख्याल है कि इन तरमीमों के हो जाने के बाद इसमें कोई शक नहीं है कि हमारे दीवानी के मुकदमों में जो तूलानी कार्यवाहियां होती थीं उनमें किसी कदर कमी होगी। मैं यह नहीं कह सकता कि यह आखिरी कानून इस किस्म का है क्योंकि हमको अभी और तरमीमें इस किस्म की करनी पड़ेंगी जिससे और सहूलियत और आसानियां इस किस्म के मुकदमों में पैदा हो सकें। लेकिन इसमें शक नहीं कि इस तरफ यह पहला कदम है, जो हम उठा रहे हैं। दीवानी के कानून की तरमीमों के मुताल्लिक कई बार इस विधान सभा में उसका जिक्र आ चुका है और उसके सिलसिले में मैंने यही अर्ज किया था कि इस किस्म का एक सिस्टम अदालती कार्यवाहियों का जो इस वक्त तक अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है, इसमें तो कोई शक ही नहीं कि हमारे मुल्क के बाशिन्दों के जैसे ख्यालात हैं, रुझानात हैं, उससे किसी तरह से मेल नहीं खाते। लेकिन फिर भी चूंकि एक मुद्दत तक हमारे यहां कानून रायज रहे हैं, लिहाजा जनता उनकी आदी हो गयी है। उसका नतीजा यह है कि आज हम अगर अपने सिस्टम में कोई इतना इनकलाबी तगय्युर कर दें तो अन्देशा है कि लोगों को हमारी अदालतों पर उतना एतबार और एतमाद न रहे जितना इस वक्त है। इसलिये हमको जो भी कदम इस तरफ उठाना है वह निहायत समझ बूझ कर उठाना है। इसीलिये यह कमेटी मुकर्रर की गयी थी और उसने जो छोटी-छोटी तरमीमें मुख्तलिफ कानूनों में मंजूर की हैं उन्हें मैं हाउस के सामने पेश कर रहा हूं।

मुझे उम्मीद है कि इस कानून को मंजूर किया जायगा।

श्री जयेन्द्र सिंह विष्ट (जिला टेहरी-गढ़वाल)---माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि यह बहुत दिनों की मांग थी कि हमारे जो मुख्य कानून हैं, जहां तक दीवानी और फौजदारी कानूनों का ताल्लुक है बहुत पहले के बने हुए हैं और उनमें समयानुकूल कुछ तरमीम होनी बहुत आवश्यक है। माननीय मंत्री जी ने जो संशोधक विधेयक इस सम्बन्ध में पेश किया है उसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं। किन्तु मैं माननीय मंत्री जी से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि इसमें बहुत कम या बहुत थोड़े सेक्शंस में संशोधन हुआ है। लेकिन जैसा कि उन्होंने कहा वह एक व्यापक विधेयक लायेंगे। हमें आशा है कि फौजदारी कानूनों के सम्बन्ध में भी जो वांचू कमेटी की रिपोर्ट है उसके मुताबिक

†२० अप्रैल, १९५४ की कार्यवाही में छपा है।

[श्री जयेन्द्र सिंह बिष्ट]

संशोधन विधेयक लायेंगे क्योंकि जहां तक फौजदारी कानून में संशोधन करने की आवश्यकता है शायद माननीय मंत्री जी ने ध्यान न दिया हो या विचाराधीन हो। फौजदारी में भी बहुत कुछ संशोधन की आवश्यकता है और खासकर क्रिमिनल मैटर्स में एक्यूज्ड को बेल के सम्बन्ध में या ट्रायल के सम्बन्ध में डिलेज होती हैं उनको दूर करने के लिये हम आशा करते हैं कि माननीय मंत्री जी सिविल लाज की तरह क्रिमिनल लाज को सुधारने के लिये भी बिल पेश करेंगे।

श्री अब्दुल मुईज खां (जिला बस्ती)---माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि हमारे माननीय मंत्री जी ने बतलाया वांचू कमेटी की जो रिपोर्ट थी, उसकी जो सिफारिशें थीं उनके सिलसिले में यह विधेयक इस सदन के सामने रक्खा गया है और मैं इस बात के लिये उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने उस रिपोर्ट पर जो भी कार्यवाही हो सकती थी, जो भी छोटी-छोटी सिफारिशें थीं उनको बहुत हद तक पूरा करने के लिये यह विधेयक सदन में रखने की कोशिश की है। सेलेक्ट कमेटी में विचार करते समय ऐसा भी हुआ कि दो एक धाराओं में कुछ ऐसी लैंगुएज आ गई थीं..

श्री अध्यक्ष---सेलेक्ट कमेटी में क्या हुआ उसका जिक्र आप न करें।

श्री अब्दुल मुईज खां---उसकी कार्यवाही का तजकिरा नहीं कर रहा हूं। इस विधेयक को लाने में माननीय मंत्री जी की यह कोशिश थी कि वांचू कमेटी की जो सिफारिशें थीं उनको पूरा किया जाय लेकिन इसी के साथ साथ मैं यह भी कहूंगा कि वांचू कमेटी जिस स्टेज पर मुकर्रर की गई थी उससे हमारा देश बहुत आगे बढ़ चुका है। उस जमाने से हमारे देश की जरूरतें बहुत वसीय हो गई हैं। जो छोटी-छोटी सिफारिशें वांचू कमेटी ने की थीं उनसे ज्यादा महत्वपूर्ण संशोधन करने की आज जरूरत है। बहुत से कानून इस वक्त हमारे देश में लागू हैं। उनमें कुछ संशोधन इस बिल के जरिये से किये जा रहे हैं लेकिन वे बहुत दिनों के हो चुके हैं और मौजूदा जरूरतों को वे पूरा नहीं करते। उनमें और उसूली तब्दीलियों की जरूरत है। मैं इस तरफ भी माननीय मंत्री जी को मुतवज्जह करूंगा और यह सिफारिश करूंगा कि वह जल्दी से जल्दी कोई इस किस्म का यूनीफार्म (uniform) विधेयक लाने की कोशिश करें ताकि इस तरह के जितने भी सिविल लाज हैं उनका दूसरों से टकराव न हो और मौजूदा जरूरतों को वे पूरा कर सकें। मैं माननीय मंत्री जी को इस विधेयक को लाने के लिये एक बार फिर धन्यवाद देता हूं।

श्री शिवनाथ काटजू (जिला इलाहाबाद)---श्रीमान अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश सिविल लाज सुधार तथा संशोधन विधेयक हमारे सामने है। वांचू कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कई सुझाव दिये थे। वांचू कमेटी जिस लिये बनाई गई थी उसका उद्देश्य यह था कि हमारे इस सूबे में नहीं बल्कि बाहर अदालतों में मुकदमें देर से फैसल होते हैं और बिना फैसल हुये मुकदमों की संख्या बराबर बढ़ती ही जा रही है इसको दूर करने के उपाय निकाले जायं। उसके साथ-साथ यह भी महसूस किया गया था कि कानून में, खास कर प्रोसीजरल लाज में संशोधन करने की बड़ी जरूरत है। इन्हीं बातों को मद्देनजर रखते हुए वांचू कमेटी मुकर्रर की गई और वांचू कमेटी की रिपोर्ट को साल भर से ज्यादा हो गया कि वह हमारे सामने है और वांचू कमेटी ने जो-जो सिफारिशें कीं उन्हीं को सामने रखते हुए कुछ-कुछ अंश में यह सुधार विधेयक लाया गया है। मेरा अपना ख्याल यह है कि मुनासिब यह था कि इस विधेयक को थोड़े दिन के बाद लाया जाता क्योंकि इसमें बहुत सी बातें ऐसी हैं जो कि इस वक्त पार्लियामेंट के सामने हैं और जहां तक मेरा ख्याल है पार्लियामेंट के सामने जो सुधार के सुझाव

